हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 4 अक्टूबर , 2025

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री



11 चहुंओर जय श्री राम के नारे से गूंज उठा आसमान






हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
न्यु ओम ज्वेलर्स
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी


आरोपियों के कब्जे से 141 पौवा देशी मसाला शराब भी बरामद

## कसारीडीह से शराब की तस्करी, पिस्टल, कट्टा, 6 जिंदा कारतूस और चाकू जब्त, 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

पद्मनाभपुर थाना अंतर्गत कसारीडीह क्षेत्र में लंबे समय से शराब का अवैध कारोबार संचालित होने का मामला सामने आया है। आदतन अपराधी किस्म को कुछ लोगों द्वारा रैकेट बनाकर तस्करी की जा रही है। मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी पवन कुर्रे एवं कृष्ण कुमार जोशी को गिरफ्तार किया है। दोनों हत्या के मामले में पहले से आरोपी हैं। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने घटना स्थल की पहले रेकी की। इसके बाद घेराबंदी कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। पवन अपने बड़े भाई विनोद कुर्रे, भांजे कृष्ण कुमार जोशी एवं साथी सूर्यदेव कोठारी उर्फ गोपा के साथ मिलकर शराब का यह अवैध कारोबार कर रहे थे। आरोपियों के पास से पुलिस ने पिस्टल, कट्टा, 6 जिंदा कारतूस और एक चाकू भी बरामद किया है। साथ ही बड़ी मात्रा में शराब जब्त की गई है। आरोपियों ने पिस्टल और कट्टा कहां से लाया, इसके बारे में पूछताछ की जा रही है। आरोपियों को शुक्रवार की देर शाम कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। मामले में पुलिस की जांच जारी है। पुलिस ने पहले आरोपी पवन कुर्रे को पकड़ा। उसके मकान से 93 पौवा देशी मशाला शराब जब्त की। पूछताछ के बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने बारी-बारी से चारों को गिरफ्तार कर लिया।



### आरोपी रैकेट बनाकर करते थे शराब की तस्करी

आरोपी रैकेट बनाकर शराब की तस्करी करते थे। आरोपी विनोद कुर्रे के कब्जे से 1 मैग्जिन एवं 03 जिन्दा कारतूस जब्त किया गया। आरोपी सूर्यदेव कोठारी उर्फ गोपा के पास 1 नग देशी कट्टा, 2 जिन्दा कारतूस जब्त किया गया। आरोपी कृष्ण कुमार के कब्जे से 48 पौवा देशी मसाला शराब बरामद की गई। आरोपियो के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट, 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पवन, विनोद, कृष्ण कुमार कसारीडीह के रहने वाले हैं। वहीं सूर्य देव कोठारी उर्फ गोपा पोटिया का रहने वाला है।

### प्रेम नगर में युवक से 37 पौव्वा अवैध शराब जब्त



कैम्प वन प्रेमनगर वैशाली नगर निवासी शिवा सोनकर उर्फ शिवा को रामनगर मुक्तिधाम गेट 2 के पास से पकड़ा गया। आरोपी के पास से एक प्लास्टिक थैला में 37 पौव्वा देशी मसाला शराब जब्त किया। जिसकी कीमत 3700 रुपए आंकी गई है। बिक्री की रकम 500 रूपए मिले है।

## शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी सोमेंद्र पाटिल को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मामले में करण शर्मा की लिखित शिकायत के बाद कार्रवाई की गई। मामले में स्नेहांशु नामदेव सहित 05 आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। पुलिस ने बताया कि सूर्या माल जुनवानी में निशा बिजनेस कन्सलटेंट प्रायवेट लिमिटेड एवं यूनिक इन्वेस्टमेंट सॉल्यूशन कार्यालय सुपेला चौक नामक कंपनी खोलकर शेयर मार्केट में निवेश के नाम से 20 से 40 प्रतिशत का लाभ होने का लालच देकर 66.47 लाख हजार की धोखाधड़ी की गई। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने मामले में स्नेहांशु नामदेव, उसकी पत्नी डाली नामदेव, निशा मानिकपुरी, धातरी कोसरे, शुभम गुप्ता को गिरफ्तार किया था। सुोमेंद्र पाटिल घटना के बाद से फरार था। सोमेन्द्र पाटिल पर है कि अन्य आरोपियों के साथ मिलकर निवेशकों से धोखाधड़ी करने की नीयत से 1 वर्ष मे राशि दुगुनी करने का लालच देकर लगभग 7 करोड़ की राशि का निवेश कराया। निवेशकों से प्राप्त राशि का 30 प्रतिशत राशि कमीशन के रूप में लगातार प्राप्त की। 20 प्रतिशत रकम आरोपी सोमेन्द्र पाटिल ने रखी। शेष रकम स्नेहांशु नामदेव को दिया गया।सोमेंद्र पाटिल द्वारा लगभग 04 करोड़ 50 हजार रुपये की रकम प्राप्त कर निवेशकों से धोखाधड़ी को अंजाम दिया। आरोपी के कब्जे से कार सीजी 07 सीवाई 9080 कीमती 38 लाख रुपए एवं एक गूगल फोन जब्त किया गया। मामले में पुलिस की जांच जारी है।

## आधी रात युवक कूदा नदी में, एसडीआरएफ ने बचाई जान



**भिलाई**। नशे की हालत में आधी रात युवक ने शिवनाथ नदी पर छलांग लगा दी। आवाज सुनकर एसडीआरएफ की टीम ने तुरंत एक्शन में आते हुए नदी से युवक को बचा लिया। मिली जानकारी के मुताबिक हाउसिंग बोर्ड कालोनी जामुल निवासी खुशवंत सिंह 27 वर्ष ने शिवनाथ नदी में छलांग लगाई। खबर लगने पर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को देखते एसडीआरएफ की टीम पहले से तैनात थी। टीम ने तुरंत रेस्क्यू शुरू कर दस मिनट के भीतर युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।


BMC
बी.एम. कॉलेज
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम
B.Ed.
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 05/10/25
गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065
Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116





# बदले जाएंगे कांग्रेस के तीनों जिला अध्यक्ष, नए के चयन के लिए आज आएंगे पर्यवेक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत उदयपुर फॉर्मूले से दुर्ग जिले के तीन कांग्रेस जिला संगठनों के अध्यक्षों का चुनाव होगा। इसके लिए एआईसीसी द्वारा यूपी के पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू को दुर्ग भेजा जा रहा है। वे 4 अक्टूबर को दुर्ग पहुंचेंगे, जहां राजीव भवन शनिचरी बाजार में कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक करेंगे। वनटूवन कर रायमशवरा करेंगे। बता दें कि वर्तमान में दुर्ग शहर से गया पटेल, दुर्ग ग्रामीण से राकेश ठाकुर और भिलाई से मुकेश चंद्राकर अध्यक्ष हैं। राकेश ठाकुर को जिला अध्यक्ष बने महज छह महीने का समय हुआ है।

वहीं गया पटेल और मुकेश को तीन साल से ज्यादा का समय हो चुका है। वरिष्ठजनों की मानें तो तीनों को बदला जाना है। हालांकि तीनों को दोबारा दावेदारी का मौका है। वे चाहें तो पुनः अध्यक्ष बनने के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रदेश के सभी जिला में अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय कांग्रेस ने 17 पर्यवेक्षकों को नियुक्त की है। इसमें दुर्ग के लिए अजय कुमार लल्लू को पर्यवेक्षक बनाया गया है।

## दुर्ग ग्रामीण, शहर, भिलाई के लिए बनेगा 3-3 कार्यकर्ताओं का पैनल

### पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में जल्द बैठक के आसार

जानकारी के मुताबिक 4 अक्टूबर को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में पर्यवेक्षक बैठक लेंगे। एआईसीसी के अलावा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अनिला भेड़िया, यूडी मिंज और विक्रम मांडवी को सहयोगी के रूप में पर्यवेक्षक बनाया है। होने वाली बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्वगृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व कृषि मंत्री रविंद्र चौबे, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल जिला ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर, दुर्ग शहर अध्यक्ष गया पटेल के साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। अजय कुमार दोपहर 12:30 बजे राजीव भवन पहुंचेंगे।

### लोकतांत्रिक तरीके से होगा जिला अध्यक्षों का चुनाव, राजीव भवन में नामांकन

पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने बताया कि अध्यक्षों का चुनाव लोकतांत्रित तरीके से किया जाएगा। 12 अक्टूबर को दुर्ग शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष के लिए राजीव भवन दुर्ग में नामांकन फार्म जमा लिए जाएंगे। वहीं दावेदारों से वन टू वन मुलाकात भी होगी। 13 अक्टूबर को दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष के लिए नामांकन जमा होंगे। इसी प्रकार 14 अक्टूबर को भिलाई शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष के लिए भिलाई कार्यालय में नामांकन जमा लिए जाएंगे। सभी दावेदारों से चर्चा की जाएगी। इसके आधार पर तीन-तीन का पैनल तैयार कर पार्टी हाईकमान को भेजा जाएगा। इसके बाद किसी एक पर निर्णय लिया जाएगा।

### आज और कल चलेगा बैठकों का दौर कार्यकर्ताओं से होगी रायशुमारी

पर्यवेक्षक के समक्ष 4 और 5 अक्टूबर को बैठकों का दौर चलेगा। इस दौरान रायशुमारी होगी। 4 अक्टूबर को दोपहर करीब डेढ़ बजे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक होगी। इसके बाद दुर्ग शहर संगठन के पदाधिकारियों से चर्चा होगी। 5 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे भिलाई शहर जिला कांग्रेस की जिला बैठक होगी। दोपहर 12:15 बजे में भिलाई में मीडिया से चर्चा होगी। दोपहर 2 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय भिलाई में स्थानीय सामाजिक, सामुदायिक समूहो प्रभावशाली व्यक्तियों के साथ चर्चा होगी। 6 और 7 अक्टूबर को भिलाई शहर जिला कांग्रेस के 6 ब्लॉकों की बैठक होगी। 8 और 9 अक्टूबर को दुर्ग शहर की बैठक होगी। इसी प्रकार 9 अक्टूबर को दुर्ग ग्रामीण जिला कांग्रेस के पाटन जामगांव और कुम्हारी ब्लॉक की बैठक होगी। 10 अक्टूबर को दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस के अहिवारा और जामुल ब्लॉक और 11 अक्टूबर को धमधा और दुर्ग ग्रामीण ब्लॉक की बैठक होगी।

## खबर संक्षेप




### शास्त्री जयंती समारोह में कैबिनेट मंत्री हुए शामिल

दुर्ग। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारतरत्न पं. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती डिपरापारा में मनाई गई। कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव शामिल हुए और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किये। इस अवसर पर उनके योगदान और आदर्शों को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि शास्त्री का सादा जीवन, सत्यनिष्ठा और दृढ़ संकल्प आज भी पूरे देश के लिए प्रेरणा स्रोत है। उनके द्वारा दिये गए नारा जय जवान, जय किसान आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि शास्त्रीजी ने अपने अल्पकालीन कार्यकाल में भी जनता के मन में गहरी छाप छोड़ी। शास्त्री जी के विचार हमें यह सीख देते हैं कि सच्चाई और ईमानदारी से किया गया हर कार्य समाज और राष्ट्र को मजबूती प्रदान करता है।

### साईं मंदिर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आज

दुर्ग । लायंस क्लब दुर्ग विजन द्वारा 1 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। सेवा सप्ताह अंतर्गत आज 4 अक्टूबर को साई मंदिर सिविल लाईन कसारीडीह में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित जिज्ञासी एवं उनकी टीम सेवाएं देंगे। यह शिविर सुबह 11 बजे से शुरू होकर दोपहर 2 बजे तक चलेगा। यह जानकारी सेवा सप्ताह संयोजक एमजेएफ पीबी सक्सेना ने दी है।

### निर्माण कार्य के लिए 6 लाख रुपए स्वीकृत

दुर्ग। जिले के विधानसभा क्षेत्र अहिवारा के अंतर्गत एक कार्य के लिए 6 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यों के लिए कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत उक्त राशि की स्वीकृति दी है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार कलेक्टर द्वारा अहिवारा विधानसभा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 11 नंदिनी नगर अहिवारा गुरूद्वारा के पास अहिवारा पेवर ब्लाक निर्माण हेतु 06 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### इस सीजन के लिए धान खरीदी की तैयारी शुरू

# पिछले साल 5.76 लाख टन धान की खरीदी, 6 लाख टन मिलर्स को किया जारी, 52 हजार टन अब भी डंप

अतुल अग्रवाल ▶▶ दुर्ग

वर्ष 2024-25 का धान अब भी संग्रहण केंद्रों में डंप है। जानकारी के मुताबिक सेलूद और कोड़िया संग्रहण केंद्र में करीब 528917.38 क्विंटल यानी करीब 52 हजार टन धान डंप हैं। बता दें कि जिले में 102 सहकारी समितियों के माध्यम से 106624 किसानों ने 576107.12 लाख टन धान की खरीदी हुई थी। इसमें अब तक 600913.89 टन धान मिलर्स को जारी किया जा चुका है।

इसमें नागरिक आपूर्ति निगम में मिलिंग के बाद 114538.312 टन चावल जमा हुआ है। इसी प्रकार एफसीआई को 239781.304 टन चावल रिलीज किया जा चुका है। वर्तमान में एक बड़ी मात्रा अब भी जमा नहीं हो पाई है। इसे लेकर पूर्व में दी गई 30 सितंबर की डेडलाइन खत्म हो चुकी है, लेकिन अब भी मिलर्स ने चावल एफसीआई और नाम में जमा नहीं कराया है। वहीं धान संग्रहण केंद्र में रखा हुआ है। मार्कफेड का दावा है कि यह धान पूरी तरह सुरक्षित है। डिमांड के अनुरूप इसे आवंटित किया जा रहा है। 15 अक्टूबर तक पूरा धान क्रेताओं और मिलर्स को जारी कर दिया जाएगा। इधर शासन स्तर पर धान खरीदी की तैयारी शुरू कर दी है। किसानों का ऑनलाइन पंजीयन किया जा रहा है। इसे लेकर गाइडलाइन जारी नहीं हुई है, अगले हफ्तेभर के अंदर गाइडलाइन जारी होने की संभावना है। वहीं 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू होने जा रही है। इसे ध्यान रखते हुए शासन तैयारी कर रही है। हालांकि दुर्ग में फसल को पकने में अभी समय है।

## पुराना धान जिले के संग्रहण केंद्रों में अब भी है जाम



### संग्रहण केंद्रों में धान की आवक और जारी किए जाने की मात्रा (क्विंटल में)

| आवक/जावक | मोटा | पतला | सरना |
|---|---|---|---|
| उपार्जन केंद्रों से आया | 183104.55 | 233669.65 | 2100491.07 |
| मिलर्स को किया जारी | 53972.94 | 133419.55 | 629226.78 |
| क्रेताओं को जारी | 120468.04 | 55709.91 | 995550.67 |
| संग्रहण केंद्रों में उपलब्ध- | 8663.57 | 44540.19 | 475713.62 |

### बाहर का धान खपाए जाने का खतरा इस बार बनेगी स्पेशल टीम

जिले सहित प्रदेश में बाहर का धान खपाए जाने का खतरा हर बार बना रहता है। इस पर इससे निपटने के लिए स्पेशल टीम बनाने की तैयारी है। प्रदेश के किसानों का पैसा सही समय पर पहुंचे, इसलिए रियल टाइम मॉनिटरिंग विभागीय अधिकारी करेंगे। किसानों का पंजीकरण एग्री स्टेक और एकीकृत किसान पोर्टल पर किया जा रहा है। किसानों को खसरा-खतौनी, आधार, बैंक पासबुक जैसे दस्तावेज जमा कराए जा रहे हैं। ऑनलाइन पंजीयन का कम से कम 5 प्रतिशत रेंडमली जांचा जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया डिजिटल और केंद्रीकृत डेटाबेस से जुड़ी होगी, जिससे किसान की पहचान और उसकी वास्तविक भूमि का विवरण रियल टाइम में देखा जा सकेगा। दोहरे पंजीकरण या फर्जी किसानों के नाम से धान बेचने की संभावना काफी हद तक खत्म होगी। खरीदी और भुगतान दोनों की ऑनलाइन ट्रैकिंग होगी। इससे किसानों को समर्थन मूल्य का भुगतान समय पर मिलने की संभावना बढ़ेगी।

### नई खरीदी के लिए गाइडलाइन तय नहीं

वर्ष 2025-26 की धान खरीदी के लिए अब तक गाइडलाइन तय नहीं हुई है। शासन से गाइडलाइन जारी होने के बाद ही इस पर काम शुरू होगा। प्रारंभिक रूप से तैयारी शुरू कर दी गई है। संग्रहण केंद्रों में थोड़ा धान ही शेष है, उसका भी डिमांड लगातार जारी किया जा रहा है। जल्द ही उठाव हो जाएगा।
**-भौमिक बघेल,** डीएमओ दुर्ग

### जिले में ऑन रिकॉर्ड बनाए 6 केंद्र, लेकिन मौके पर सिर्फ 4

बता दें कि मार्कफेड ने जिले में ऑन रिकॉर्ड 6 केंद्र बनाए हैं। वर्तमान में अस्तित्व में सिर्फ 4 हैं। अरसनारा, कोड़िया, सेलूद और जेवरा-सिरसा। वर्तमान में अरसनारा और जेवरा संग्रहण केंद्र पूरी तरह से खाली हो चुका है। कोड़िया और सेलूद में अब भी बड़ी मात्रा में धान डंप है। लगातार हो रही बारिश की वजह से उनके खराब होने का खतरा बना हुआ है, लेकिन अब तक इसे गंभीरता से नहीं लिया गया है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की स्थिति में इन दोनों केंद्रों में करीब 528917.38 क्विंटल धान डंप हैं। इसमें मोटा, पतला और सरना तीनों प्रकार के धान शामिल हैं। बारिश की वजह से इस धान को रखने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक पिछले करीब 8 महीनों से यह धान डंप है। इसमें से ही इथेनाल के लिए क्रेताओं को धान रिलीज किया गया है। एफसीआई के माध्यम से क्रेताओं को यह धान जारी किया जा रहा है।

# बीएसपी ने उपलब्ध नहीं कराई 10 एकड़ जमीन सांसद से मिले मजदूर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा मज़दूर कार्यकर्ता समिति और मेहनतकश आवास अधिकार संघ द्वारा अपनी मांगों को लेकर सांसद विजय बघेल से मुलाकात की गई। हॉस्पिटल सेक्टर के निवासियों ने आवेदन सौंपा।

■ योजनाओं का लाभ हर वर्ग को दिलवाने की रखी मांग

आवेदन में कहा गया कि पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय और पूर्व सांसद ताम्रध्वज साहू ने अपने कार्यकाल के दौरान भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक से बैठक कर कहा था कि यदि नगर निगम भिलाई को 10 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई जाती है, तो हॉस्पिटल सेक्टर के लगभग 700 परिवारों को आवास निर्माण कर प्रदान किया जाएगा। संयंत्र प्रशासन ने इस प्रस्ताव को स्वीकृति भी दी थी। किन्तु आज तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई। इसके विपरीत, अब संपदा कार्यालय में इस संबंध में पेशी लगाई जा रही है।

सैकड़ों की संख्या में हॉस्पिटल सेक्टर के निवासी अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज कराने पहुंचे। इस मामले की अगली सुनवाई की तिथि 10 अक्टूबर निर्धारित की गई है। 6 अक्टूबर को शाम 4 बजे आईआर विभाग के माध्यम से बीएसपी के प्रबंध निदेशक के नाम एक ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान लक्ष्मी यादव, मैरी, अनसुइया, मोहन, नारायण राव, ब्रह्मा, भास्कर, संजना, चंद्र, लीला, कलादास डेहरिया सहित सैकड़ों मौजूद थे।

# आयुक्त पहुंचे डायरिया प्रभावित क्षेत्रों में, पानी की टेस्टिंग के दिए निर्देश

भिलाई। शिवाजी नगर क्षेत्र में डायरिया का संक्रमण अब भी बरकरार है। लगातार उल्टी-दस्त के मरीज मिल रहे हैं। इसे देखते हुए आयुक्त राजीव पांडेय ने शुक्रवार को प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। डायरिया पीड़ितों से पूछताछ की। अवैध नल कनेक्शन काटने और पानी के सैंपल लेने के निर्देश दिए। जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे ने उन्हें वस्तु स्थिति से अवगत कराया। वार्ड-51 डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर प्रतिदिन डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, मोहल्लों व नालियों की सफाई के साथ दवाई छिड़काव कराए जाने की जानकारी दी। आयुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को व्यवस्था सुधार के लिए निर्देशित किया। आयुक्त ने पीड़ित परिवारों को पानी उबालकर पीने, घर में बने गरम भोजन का सेवन करने की सलाह दी। वार्ड के अलग-



अलग स्थानों से जहां पर हैण्डपंप एवं भागीरथी योजना से नल लगाया गया है, उसके पानी का सैंपल लेकर लैब जांच के लिए भेजने निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, उप अभियंता, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोनल सहित सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने किया वरिष्ठजनों एवं प्रमुखों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा कार्यक्रम के अंतर्गत सेवा के कार्य एवं अल्पसंख्यक समाज से मानव सेवा के कार्य करने वालों का सम्मान का कार्यक्रम दुर्ग जिला

■ योजनाओं को लाभ हर वर्ग को दिलवाने का करना है

भाजपा कार्यालय में अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष साजन जोसेफ की अध्यक्षता में रखी गई।

आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, महापौर अलका बाघमार ,अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यक्रम के




निमित्त जिला प्रभारी अबरार सिद्दीकी, जिला महामंत्री दिलीप साहू ,विनोद अरोरा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष साजन जोसेफ, सभापति श्याम शर्मा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार ,राजीव पांडेय, मंत्री गायत्री वर्मा, कार्यालय मंत्री आसिफ अली, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अल्पसंख्यक मोर्चा अमजद अली,पार्षद शशि द्वारका साहू ,खालिद रिजवी, अल्पसंख्यक जिला महामंत्री फिरोज सिद्दीकी, महेश जैन, डॉ मनोज जैन ऑर्थोपेडिक्स उपस्थित रहे ।

इस अवसर पर उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए केंद्र कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश की मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार के द्वारा किए गए कार्यों का व्याख्यान दिया। इस अवसर पर जिला भाजपा मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, सोशल मीडिया जिला संयोजक रजनीश श्रीवास्तव, अधिवक्ता अजी मैथ्यू, जोस मोन समुएल, तबरेज, मोसिन रजा, अनीश खान, अकिल कुरैशी, वसीम कुरैशी, जुबेर अली, फारूक चौधरी, हसन जहांगीर, नौशाद कुरेशी, रवीश खान, फिरोज खान, सहित अल्पसंख्यक वर्ग से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समाज के प्रमुख और समाज के लोग उपस्थित रहे।

## मोतीलाल वोरा सभागार में कार्यक्रम का आयोजन

# स्वच्छता दीदियों, सुपरवाइजर्स और सफाई मित्रों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

महात्मा गांधी की जयंती पर नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के अंतर्गत मोतीलाल वोरा सभागार में स्वच्छता सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव, महापौर अलका बाघमार, छग खादी ग्राम उधोग अध्यक्ष राकेश पांडेय, सभापति श्याम शर्मा एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, प्रभारी नीलेश अग्रवाल सहित समस्त एमआईसी सदस्य, जनप्रतिनिधि के अलावा निगम अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे।

■ प्रमाण पत्र और प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

### सफाई मित्रों का सम्मान और स्वच्छता संकल्प

कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता दीदियों, सुपरवाइजर्स और सफाई मित्रों के सम्मान से हुई। सभी को प्रमाण पत्र और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इसके बाद मंच से उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों ने मिलकर 'स्वच्छता संकल्प लिया और नागरिकों को भी स्वच्छता अपनाने का आह्वान किया।

### नई सफाई गाड़ियों को हरी झंडी

समारोह के बाद घर.घर कचरा संग्रहण हेतु निगम की नई गाड़ियों को मंत्री गजेंद्र यादव, महापौर अलका बाघमार व छग खादी ग्राम उद्योग अध्यक्ष राकेश पांडेय, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, सभापति श्याम शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन वाहनों के जुड़ने से नगर की स्वच्छता व्यवस्था और सुदृढ़ होगी।



### स्वच्छता जीवनदर्शन और जिम्मेदारी का प्रतीक

मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा स्वच्छता केवल साफ.सफाई नहीं, बल्कि जीवनदर्शन और जिम्मेदारी का प्रतीक है। स्वच्छ वातावरण से स्वास्थ्य, मानसिक शांति और सामाजिक अनुशासन मजबूत होता है। अस्वच्छता बीमारियों व नकारात्मकता को जन्म देती है। नागरिक स्वच्छता को केवल अभियान न मानेंए बल्कि इसे राष्ट्र निर्माण की जिम्मेदारी बनाएं। महापौर अलका बाघमार ने गांधीजी को याद करते हुए कहा भारत की परंपराओं में स्वच्छता को सभ्य समाज की पहचान माना गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे जन आंदोलन का रूप दिया है। हर नागरिक को अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभाते हुए स्वच्छए स्वस्थ और विकसित भारत के निर्माण में सहयोग करना चाहिए। राकेश पांडेय ने भी संबोधित किया। बात दें कि स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के अंतर्गत निगम द्वारा किये गये प्रमुख कार्य जिसमें 8 स्वच्छता लक्षित इकाईयों की सफाई 857 लाभार्थियों हेतु स्वास्थ्य शिविर, 60 वार्डों में लगभग 4000 लोगों द्वारा जनसहयोग से श्रमदान, लगभग 400 लोगों की उपस्थिति में एक साथ घंटा श्रमदान, सभी विद्यालयों में स्वच्छता संबंधित कार्यक्रम शामिल हैं। अंत में सभी जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों से आग्रह किया कि स्वच्छता को राष्ट्रीय कर्तव्य मानें, अपने घर, गली और मोहल्ले को स्वच्छ रखें। दूसरों को भी प्रेरित करें, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छए स्वस्थ और विकसित भारत का उपहार दिया जा सके।

# कार्यशाला में अपलोडिंग के लिए पंजीकृत संस्थाओं को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय, उच्चतर षिक्षा विभाग के ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेषन के अंतर्गत संयुक्त तत्वाधान में हेमंचद यादव विष्वविद्याय द्वारा वर्ष 2024-25 के डाटा अपलोडिंग हेतु पंजीकृत उच्चतर शिक्षण संस्थाओं को एक दिवसीय प्रषिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। सहायक कुलसचिव एवं समन्वयक, हिमांषु शेखर मंडावी ने बताया कि कार्यषाला प्रातः 11:00 बजे से दोहपर 3:00 बजे के मध्य कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सेक्टर 07, भिलाई में किया गया। स्वागत भाषण कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई के प्राचार्य, डॉ. विनय कुमार शार्मा ने किया।हेमचंद यादव विवि के कुलपति, प्रो. डॉ संजय तिवारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शीर्ष 05 राज्यों में शाामिल किये जाने हेतु हर संभव प्रयास किया जायेगा। उच्च षिक्षा के क्षेत्र का वास्तविक दर्पण है जो नीतिगत निर्णय, सुधारात्मक कदम और भविष्य की योजनाओं का आधार बनाने वाला सर्वे है। विषय विषेशज्ञ के रूप में उपस्थित विकास पंचाक्षरी ने सर्वे के अंतर्गत वेब डीसीएफ में कौन सी जानकारी और किस प्रकार भरी जायेगी इसकी विस्तृत जानकारी प्रदान की। कुलसचिव, भूपेन्द्र कुलदीप ने प्राचार्यों, कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई के प्राचार्य, स्टॉफ मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### पीएम मोदी की बातों को आत्मसात करने का संदेश

**अंडा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मन की बात 126 वां एपिसोड का कार्यक्रम कसारीडीह बोरसी मंडल दुर्ग 64 में बूथ नम्बर 158 वार्ड 41 केलाबाड़ी दुर्ग केलाबाड़ी मुस्लिम समाज भवन के पास में रखा गया। कार्यक्रम के अतिथि लक्ष्मीकांत दुबे मन की बात के प्रभारी इकराम कुरैशी की उपस्थिति में कार्यकर्ता एवम आम जनमानस के बीच सुना गया। कार्यक्रम में करण राजपूत बूथ अध्यक्ष, राहुल यादव बूथ अध्यक्ष, इकबाल सिद्दीकी, बूथ अध्यक्ष, अंजना बेहेरे बूथ अध्यक्ष, बिंदु भवाल,दिनेश यादव, प्रांजल भारद्वाज महामंत्री, छाया पार्षद मातिम शेख, जैद, अमित सिंगाड़े, सुमित और आबिद आदि उपस्थित थे।

### सेवा पखवाड़ा में किया फल वितरण



**कुम्हारी।** भारतीय जनता पार्टी कुम्हारी मंडल ने 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जन्म जयंती पर शासकीय स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरण कर एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा, महामंत्री दीपक चतुर्वेदी , नारायण सोनकर, सांसद प्रतिनिधि राजू निषाद, मंडल उपाध्यक्ष फिंगेश्वर साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज वर्मा, रामकुमार सोनी, मिथलेश यादव आदि उपस्थित थे।

## दशहरा पर्व : ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह के साथ हुआ रावण दहन, रामलीला देखने उमड़े लोग

# चहुंओर जय श्री राम के नारे से गूंज उठा आसमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

विजयदशमी का पर्व परंपरा अनुसार उत्साह के साथ मनाया गया। जगह-जगह आतिशबाजी के साथ अहंकारी रावण का पुतला दहन किया गया रावण के साथ-साथ बुराई के प्रतीक कुंभकरण और मेघनाथ का भी पुतला जलाया गया। जय श्री राम के नारे के साथ राष्ट्रीय एकता का संदेश देते हुए बुराई को खत्म करने का संकल्प लिया गया।

रावण दहन के पूर्व रामलीला मंडली के कलाकारों ने राम रावण के बीच संवाद और युद्ध का मंचन किया। श्री राम ने दशानन रावण की नाभि पर अग्निबाण चलकर रावण का वध किया इस मौके पर जमकर आतिशबाजी की गई। अंडा से 7 कि. मी. दूरी व बालोद जिला मुख्यालय से अंतिम छोर पर 40 किमी दूर जिले के ग्राम सिरसिदा में दशहरा पर तालाब के बीचोबीच तैरते हुए रावण का दहन किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ अलग करने के जुनून में वर्ष 1994 में पहली बार तालाब के बीच रावण का पुतला खड़ा कर जलाया गया। शुरुआत के कुछ सालों को छोड़ कर हर बार 40 फीट का पुतला दहन किया गया। रावण पुतला दहन के बाद रात में 11 बजे छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम रंग मया कोडेवा की प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम में अतिथिगण अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम चंद्राकर, ग्राम पंचायत सिरसिदा सरपंच सरस्वती इन्द्रजीत चंद्राकर, लक्ष्मीनारायण चन्द्राकर सिरसिदा के समिति के अध्यक्ष कुलेश्वर प्रसाद देवांगन उपाध्यक्ष अक्षय चंद्राकर सचिव नेलसन देवांगन सदस्य खेमन, प्रहलाद, लवण, रामगोपाल, चंद्र प्रकाश, ढालसिंह, टोमेन्द्र, डोगेन्द्र, बालगोविंद, तोरण गिरधर, प्रेमलाल, धर्मराज, खिल्लु, गुलाब, कोमेंद्र, ऋतेश, जितेश्वर, तानु देवेन्द्र , छन्नू धन्ना, गौरव, यशवंत, चंदन, आशीष, तुलेश्वर, रामकृष्ण, मिलन, दीपक, खिलेंद्र आत्मा साहू और लक्ष्मण चंद्राकर आदि उपस्थित थे। यह जानकारी पूर्व सरपंच खेमन लाल चन्द्राकर ने दी।

### सिरसिदा तालाब में तैरते हुए रावण के पुतले का भव्य आतिशबाजी के साथ दहन





### पाटन में रावण दहन, नगर भ्रमण को निकली शोभायात्रा

**पाटन।** नगर पंचायत के ग्राम अखरा में भव्य एवं गरिमामय विजयदशमी उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। भगवान श्रीराम चन्द्र, लक्ष्मण एवं उनकी सेना घोड़ा बग्गी में सवार होकर नगर भ्रमण के साथ आयोजन स्थल पर पहुंची, विशाल आतिशबाजी ने कार्यक्रम को और भी भव्य बना दिया। इस गरिमामय आयोजन में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष कृष्ण कुमार भाले, विशेष अतिथि हेमंत देवांगन, नगर पंचायत अध्यक्ष एवं दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, सांसद प्रतिनिधि राजा पाठक सहित अन्य अतिथि उपस्थित थे। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा ने कहा जिस प्रकार भगवान राम ने सभी वर्गों को साथ लेकर 'रामराज्य' की स्थापना की थी, उसी प्रकार हमें भी समाज में समानता, सहयोग और भाईचारे का वातावरण बनाना होगा। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष निशा सोनी, सभापति केवल देवांगन,सभापति जितेन्द्र निर्मलकर,सभापति देवेन्द्र ठाकुर,सभापति नेहा वर्मा,पार्षद अन्नपूर्णा पटेल,पार्षद चंद्रप्रकाश बिज्जू देवांगन, सागर सोनी सहित समस्त पार्षदगण,पण्डित विजय सावर्णी, पंडित कृष्णा तिवारी, पंडित राजेश वैष्णव सहित अन्य उपस्थित थे। संगीत भजन अरुण कश्यप द्वारा प्रस्तुत किया गया।




### कुम्हारी में 30 फीट के रावण के पुतले का दहन

**कुम्हारी।** मां महामाया मंदिर प्रांगण के दशहरा मैदान में 30 फीट के रावण का दहन कर विजयदशमी का पर्व मनाया गया। मां महामाया मंदिर ट्रस्ट समिति के तत्वाधान में इस कार्यक्रम को देखने आस-पास के गांव के लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचे। जो रामलीला मंचन के माध्यम से राम रावण के मध्य युद्ध एवं रामचरित मानस के संवादों के साक्षी बने। अंत में राम के द्वारा रावण के वध का मनमोहक दृश्य से दर्शकों ने जय श्रीराम के नारे लगाए इस कार्यक्रम में दर्शकों ने रावण दहन साथ-साथ आकर्षक अतिशबाजी का भी लुत्फ उठाया। नगर की प्रतिष्ठित रामलीला समिति द्वारा कार्यक्रम मंच पर रामलीला का मंचन किया गया। जिसमें मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम द्वारा रावण वध का अत्यंत ही प्रभावशाली दृश्य मंचित किया गया। कलाकारों ने अपनी वेशभूषा और संवादों से दर्शकों का मन मोह लिया। महामाया मंदिर प्रांगण में ट्रस्ट कमेटी के सदस्य व नगर के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे जिसमें नारायण वर्मा, अशोक दीवान, रामाधार शर्मा, मनोज वर्मा, एवं राधेलाल यादव सहित रामलीला समिति के रामसिंग पाल एवं रोमनाथ साहू सहित बड़ी संख्या में आस-पास के ग्रामीण अंचल व नगर के दर्शकों ने दशहरा उत्सव का आनंद उठाया।



### धूमधाम से हुआ रावण दहन



**धमधा।** धमधा ब्लॉक के करेली गाँव में विजयादशमी के अवसर पर भव्य दशहरा महोत्सव का आयोजन किया गया। पूरे गांव में शोभा यात्रा निकली और सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मैदान में जुटे। सभी ने रामलीला के मंचन का आनंद लिया। शाम होते ही भगवान श्रीराम द्वारा रावण वध का दृश्य प्रस्तुत किया गया और जैसे ही तीर चला, 30 फीट ऊँचे रावण का पुतला धधक उठा। आतिशबाजियों से पूरा आसमान जगमगा गया और चारों ओर 'जय श्रीराम' के जयघोष गूँज उठे। बच्चों ने मेले व झूलों का आनंद लिया, वहीं बुजुर्गों ने धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेकर उत्सव की शोभा बढ़ाई। आयोजन समिति के संयोजक नरेंद्र ताम्रकार, अध्यक्ष संजय साहू, कृष्णा साहू, केशव साहू, दुष्यंत साहू, कैलाश साहू, गोविंद, महेश्वर, उपचंद, यशवंत, मोरध्वज, किशोर, जवाहर, इलुराम सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में लेटेस्ट डिजाइन के गहनों के साथ आकर्षक उपहार



**भिलाई।** ओम ज्वेलर्स शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग शॉप नंबर 64 बी प्रिया श्रृंगार सदन के सामने स्थित ओम ज्वेलर्स अपने भव्य शोरूम के लिए जाना जाता है, जहां आपको अनगिनत डिजाइन देखने को मिलता है। सोनी ने बताया सोने की बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुए मासिक ई योजना चालू किए हैं जिसमें 1000 से लेकर आपके बजट तक हर महीना का किस्त जमा कर सकते हैं। 12 महीने की रेगुलर किस्त जमा होने पर आपको एक महीने की किस्त ज्वेलर्स के द्वारा दी जाती है। वहीं पैसा लाने ले जाने का जोखिम को देखते हुए घर पहुंच सेवा उपलब्ध किया गया है जिसमें अपनी पसंद की डिजाइन को खरीद कर पेमेंट आप घर से भी कर सकते हैं। इसके अलावा टोटल ऑनलाइन, चेक, एटीएम, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट किया जाता है। पुराने गहने को बिल्कुल नया बनाये वो भी बिना वजन घटे। ज्वेलरी की रिपेयरिंग की तत्काल सुविधा उपलब्ध है। आगे दीवाली त्यौहार सीजन को देखते हुए नई-नई डिजाइनों की विस्तृत रेंज उपलब्ध है जिसमें ग्राहक अपने मनपसंद डिजाइन बुकिंग कर पसंद की जेवर शुभ मुहूर्त पर ले जाएं। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि हमारे यहां टोटल 916 (22 कैरेट) 833 (20कैरेट ) एवं 750 (18कैरेट) के टोटल हॉलमार्क गहने उपलब्ध हैं जिसमें भारत सरकार के द्वारा 6 अंकों का डिजिट कोड एच यू आईडी अंकित किया मिलेगा। पूरे शहर में सबसे कम दाम पर उपलब्ध हैं जिसमें 0% चांदी की मेकिंग चार्ज एवं सोने पर जितना सोना उतना चांदी फ्री एवं न्यूनतम मजदूरी दर के साथ ग्राहकों को उपलब्ध किया जाता है। शादी के गहने की खरीदी पर दूल्हा एवं दुल्हन को स्पेशल टूरिस्ट बैग, इंपॉर्टेंट वॉच ओम ज्वेलर्स की तरफ से प्रदान किया जाता है। हमारी शॉप में हमेशा ग्राहकों का अच्छी भीड़ रहती है नए-नए डिजाइनों का हमेशा कलेक्शन उपलब्ध रहती है इसलिए आपको हमेशा लेटेस्ट फ्रेश डिजाइन व नई वैरायटी उपलब्ध रहती है आप एक बार शॉप अवश्य पधारे।

### कमला मोटर्स दुर्ग में हुई केएस क्रॉप मास्टर 9300 की बिक्रियां

**दुर्ग।** विजयदशमी के पावन अवसर पर ग्राम निकुम के कृषक खेम नारायण टंडन ने अपने परिवारजनों एवं ग्रामवासियों के साथ कमला मोटर्स दुर्ग में पहुंचकर केएस क्रॉप मास्टर 9300 सेल्फ प्रपोज्ड कंबाइंड हार्वेस्टर मशीन की खरीदी कर न केवल अपने परिवार का, बल्कि पूरे ग्राम का गौरव बढ़ाया। विजयदशमी का पर्व असत्य पर सत्य की विजय और नई ऊर्जा का प्रतीक है। इस अवसर पर हार्वेस्टर मशीन की बिक्रियां होना कृषकों के लिए आर्थिक मजबूती और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना गया। मशीन की चाबी शहर के वरिष्ठ नोटरी राजेश शर्मा, कमला मोटर्स के सहसंचालक पद्मेश जैन, सेल्स प्रमोटर लक्ष्मी नारायण चंद्राकर, शाखा प्रबंधक खेमचंद गुप्ता, अभियंता किशोर निषाद, बरमेचा एलीवेटर के निरीक्षक अजय चौधरी तथा अन्य गणमान्यजनों की उपस्थिति में प्रदान की गई। इस अवसर पर मशीन की डिलीवरी ग्रहण करते समय टंडन परिवार के साथ तुलाराम टंडन, रितेश टंडन, सत्य प्रकाश टंडन, विनीत टंडन, आदित्य टंडन, अमितेश गायकवाड, खिलावन साहू, जीवन कुर्रे, संतोष कुर्रे, कमल होगरे, भूषण भट्टाचार्य सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि केएस क्रॉप मास्टर 9300 हार्वेस्टर मशीन अपनी श्रेणी की एक अनूठी मशीन है, जो कम ईंधन खपत, उचित कीमत और उत्कृष्ट बिक्री पश्चात सेवा के लिए जानी जाती है। कमला मोटर्स की यह पहल किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक से जोड़ते हुए उन्हें खुशहाल और आत्मनिर्भर जीवन की ओर प्रेरित करती है।



### बीएम कॉलेज में बीएड प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 5 तक

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त बीएड कॉलेजो में प्रवेश हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने की अंतिम तिथि 5 अक्टूबर है। बीएम कॉलेज, गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से मान्यता प्राप्त संस्था है जिसके अंतर्गत बीसीए, बीबीए, पीजीडीसीए एवं बीएड कोर्स संचालित होता है। बीएड प्रवेश के लिए द्वितीय काउंसलिंग 1 अक्टूबर से शुरू होकर अंतिम तिथि 5 अक्टूबर है। बीएड में प्रवेश की प्रक्रिया एससीईआरटी रायपुर के द्वारा काउंसलिंग के माध्यम से होगी। बीएड में प्रवेश हेतु कॉलेज कोड - 114336 है, संस्था का विगत वर्षों का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा है, बीएम कॉलेज की स्थापना वर्ष 2008 में हुई है। संस्था में आरक्षित वर्ग हेतु छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध है। बीएम प्राइवेट आईटीआई गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग, एनसीवीटी दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था है जिसके अंतर्गत ट्रेड - कोपा (कंप्यूटर), इलेक्ट्रीशियन, डीजल मैकेनिक, हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर, फायर टेक्नोलॉजी एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट एवं स्टेनो हिंदी कोर्स संचालित होता है। आईटीआई वर्ष 2023-24 के परीक्षा परिणाम में ट्रेड स्टेनो हिंदी एवं फायर टेक्नोलॉजी के विद्यार्थी पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किए है जिन्हें छत्तीसगढ़ राज्य शासन द्वारा प्रमाण पत्र भी दिया गया है। बीएम कॉलेज एवं आईटीआई में प्रवेश हेतु प्रवेश प्रारंभ है। विद्यार्थी सुविधा अनुसार फीस किस्तों में भी दे सकते हैं। यह जानकारी संस्था के प्राचार्य ने दी।



## भनसुली में याद किए गए गांधी-शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवंपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती सर्वोदय मंडल, बाल समाज रामलीला मंडली द्वारा राम जानकी मंदिर एवं शास हाईस्कूल प्रांगण में मनाई गई। दोनों महापुरुषों के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिप दुर्ग के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक साहू ने कहा कि महापुरुषों के आदर्शों को आत्मसात करने की आवश्यकता वर्तमान समय की प्राथमिकता है।

इस दौरान अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष ज़िप,पूरण साहू,नेतराम साहू,डा के के साहू, धर्मेंद्र सिन्हा प्राचार्य, किशोर साहू, रामचरण साहू, मानसिंह मंडल,मुकेश साहू सरपंच प्रतिनिधि,पद्मभूषण साहू उपसरपंच, महेंद्र हिरवानी, डा हेमंत साहू,भुवन यादव, गजेंद्र साहू, जगदीश साहू, जनार्दन सेन, गोपाल साहू, पिंकेश साहू, यशवंत साहू, पतालू साहू, देवेंद्र साहू, सी एल देवांगन, डागेंद्र साहू, हुलेश साहू, रामा साहू, सुशीला साहू, किरण ठाकुर और गजेंद्र सेन पंचगण आदि उपस्थित थे।



### मनाई गांधी-शास्त्री जयंती

**पाटन।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर नगर कांग्रेस कमेटी पाटन ने नगर पंचायत कार्यालय प्रांगण में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेसजनों ने गांधी जी के सत्य, अहिंसा और सद्भाव के मार्ग को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नगर कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।अंत में सभी ने गांधी जी के प्रिय भजन ‍"रघुपति राघव राजा राम" का सामूहिक गायन कर एवं शास्त्री जी को नमन कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान



**कुम्हारी।** भाजपा कुम्हारी मंडल द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया इस शिविर में 14 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दुर्ग सांसद विजय बघेल ,दुर्ग जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक , प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा , जिला महामंत्री दिलीप साहू , मंत्री नवीन पावर,वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश पाण्डेय नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा महामंत्री नारायण सोनकर, महामंत्री दीपक चतुर्वेदी ,सांसद प्रतिनिधि राजू निषाद, मंडल उपाध्यक्ष फिंगेश्वर साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता रामकुमार सोनी, मिथलेश यादव सांसद प्रतिनिधि स्वास्थ्य केंद्र कुम्हारी, सोशल मीडिया प्रभारी हीरा सिन्हा, मंडल मंत्री योगिता वर्मा, सुमित द्विवेदी, पार्षद लोकेश साहू, पार्षद प्रवीण राव, पार्षद ओंकार मार्कण्डेय, दिलेश्वर मार्कंडेय आदि उपस्थित थे।

### युवा कवि हेमंत मढ़रिया के काव्य संग्रह का विमोचन आज

**सेलूद।** युवा कवि हेमन्त मढ़रिया द्वारा रचित काव्य संग्रह 'पांव शिखर तक' का विमोचन समारोह 4 अक्टूबर शनिवार को डॉक्टर खूबचंद बघेल शासकीय महाविद्यालय भिलाई 3 के सभागार में दोपहर 2:30 बजे आयोजित किया गया है। इस काव्य संग्रह में हेमन्त मढरिया के दो वर्ष पूर्व दुर्घटनाग्रस्त होने के पश्चात लिखी गई कविताएं संग्रहित की गई है। समारोह के मुख्य अतिथि आचार्य महेश चंद्र शर्मा (अंतरराष्ट्रीय साहित्य संस्कृत विद) होंगे। अध्यक्षता डॉक्टर परदेशी राम वर्मा (वरिष्ठ साहित्यकार) एवं विशेष अतिथि डॉक्टर अश्विनी महाजन (प्राचार्य डॉ खूबचंद बघेल शासकीय महाविद्यालय भिलाई-3), डॉक्टर सुधीर शर्मा आदि रहेंगे।



## अंचल की खबरें

### जनपद सदस्य ने अपनी निजी बचत से 56 महिला समूह को दी स्वेच्छा अनुदान राशि



**अंजोरा।** सेवा पखवाड़ा के अवसर पर दुर्ग जिले की जनपद सदस्य संगीता माखन साहू ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के ग्राम थनौद में पहुंचकर 56 स्व सहायता महिला समूह को 1000 रुपये की स्वैच्छिक अनुदान राशि वितरित की। महिला समूह के उत्थान के लिए इस अनूठी पहल की खूब सराहना हो रही है। दरअसल, जनपद सदस्य के पास ऐसी कोई निधि नहीं होती है लेकिन उन्होंने अपनी ही बचत राशि से यह राशि दान की है। जनपद सदस्य संगीता साहू ने बताया कि चुनाव के दौरान कई महिला समूह से संपर्क हुआ था शासन से योजनाओं का लाभ उनको मिल रहा है लेकिन एक जनप्रतिनिधि होने के नाते उनकी समस्याओं को समझते हुए एक छोटा सा सहयोग का प्रयास किया गया है। जानकारी के मुताबिक प्रत्येक महिला समूह में 10 महिलाएं शामिल हैं इस प्रकार से कुल 560 लोग सीधे लाभान्वित हुई हैं।

### माता रानी दुर्गा प्रतिमा का किया विसर्जन



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अंडा, चिंगरी, अछोटी, भरदा, कोनारी, चंदखुरी, कोलिहापुरी, भानपुरी,जंजगिरी, विनायकपुर, आमटी, आलबरस, निकुम, रूदा, खाडा, भोथली, तिरगा, झोला, अंजोरा, खपरी, सिलोदा, रसमडा, गनियारी, बोरई, खुरसुल सहित अन्य गावों में धार्मिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों सहित क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में प्रतिमा विसर्जन यात्रा का शुभारंभ ध्वज-पताका और ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ किया गया। शोभायात्रा में माता की प्रतिमा को आकर्षक ढंग से सजाए गए रथ पर विराजमान किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं युवा वर्ग माता के जयकारों के साथ चल रहे थे। पूरे मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा आरती एवं पुष्प अर्पित कर यात्रा का स्वागत किया गया। भक्तिमय माहौल से पूरा ग्राम धार्मिक रंग में रंग गया।

जगजीवन आयुर्वेद
धातु की कमी, नामर्दी उत्तेजना की कमी, लिंग में छोटापन, ढीलापन, पतलापन, टाईमिंग की कमी, शुगर से सेक्स में कमी, शुक्राणु की कमी संतान न होना, आदि सभी गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है
और किसी संकोच में रहिये आज ही गारंटी से इलाज कराएँ
पुलगाँव चौक, महालक्ष्मी मार्केट शॉप नं.C11 दुर्ग, मो. 7869433560, 9399436858

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज़
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# मैत्रीबाग-जू में पर्यटकों को तेंदुआ का इंतजार, रखने के लिए एनक्लोजर बनकर तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

मैत्रीबाग चिड़ियाघर के आकर्षक जानवरों में कुछ सिंगल ही बचे हैं। यदि जल्द ही इनकी संतति नहीं बढ़ी तो इस प्रजाति के अन्य प्राणियों का आकर्षण खत्म हो जाएगा। ऐसे चंद एकाकी वन्य प्राणियों में तेंदुआ प्रमुख है। अन्य जू से इसका नर पार्टनर अब तक यहां नहीं लाया गया है।

उल्लेखनीय है कि मैत्रीबाग जू में सिर्फ एक ही मादा तेंदुआ है। इसकी उम्र भी करीबन 10 साल की हो चुकी है। इसे देखते हुए छह महीने पूर्व यहां जानवरों के एक्सचेंज योजना के तहत एक तेंदुआ लाए जाने की तैयारी थी। इसके लिए वाइट टाइगर के एनक्लोजोर के बाजू में आगंतुक तेंदुआ के लिए नये कैज का निर्माण भी किया गया था।

लेकिन अब तक तेंदुआ के नहीं आने से पर्यटकों को निराश होना पड़ रहा है। सैलानियों ने बताया कि अधेड़ सिंगल तेंदुआ के चल बसने के बाद एनक्लोजर खाली हो जाएगा। इसे देखते हुए जल्द यहां नर तेंदुआ के लाए जाने की जरुरत है।



**छह माह पूर्व की गई थी तैयारी, मैत्रीबाग में कम हो रहा जानवरों का कुनबा**

### क्रोकोडायल बना आकर्षण का केंद्र

मैत्रीबाग में पखवाड़ेभर पूर्व कानन पेंडारी जू से लाया गया एक क्रोकोडायल (मगर) यहां पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। बारिश के मौसम में फर्स्ट हाफ में गुनगुनी धूप का मजा लेने जब दस फीट लंबा यह क्रोकोडायल रेंगते हुए पानी के बाहर सतह पर आता है तो सैलानी अपने मोबाईल कैमरे से रोमांचित होते फोटो लेते रहते हैं। मैत्रीबाग में अब इस मादा मगर के साथ दो क्रोकोडायल हो गए हैं। एक अन्य नर क्रोकोडायल छह माह पूर्व यहां लाया गया था। जानकार सूत्रों के यहां क्रोकोडायल का पेयर यानी नर व मादा होने के बाद भी मेटिंग नहीं हो सकती है। इसकी वजह इनका बाड़ा यानी पानी का पोखर छोटा है। वैसे क्रोकोडायल की उम्र 50 से से 70 साल होती है। मैत्रीबाग में इसके सालभर पूर्व भी दो मगर हुआ करते थे। एक एक कर दोनों की मौत के बाद पिछले छह माह में दो मगर यहां लाए जा चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### दूरसंचार विभाग में सुरक्षा प्रोत्साहन सप्ताह



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के दूरसंचार विभाग में सुरक्षा प्रोत्साहन सप्ताह मनाया गया। मुख्य महाप्रबंधक डी सतपथी के मुख्य आतिथ्य तथा महाप्रबंधक प्रकाश की अध्यक्षता में सुरक्षा ध्वज फहराकर सप्ताह शुरु किया गया। वरिष्ठ प्रबंधक एस भट्टाचार्य ने सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाई। सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रमों में क्विज़, पोस्टर, स्लोगन, निबंध और कविता प्रतियोगिताओं के साथ-साथ अग्निशामक यंत्रों के प्रदर्शन, प्राथमिक उपचार तथा लाइफस्टाइल डिज़ीज़ पर कार्यशालाएँ आयोजित की गईं। महाप्रबंधक एचआर सिरमौर भी उपस्थित थे। समापन समारोह सीजीएम टीके कृष्ण कुमार के मुख्य आतिथ्य व महाप्रबंधक यूव्ही सुभद्रा के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं दूरसंचार विभाग के उत्कृष्ट सुरक्षा कार्मिक और उत्कृष्ट सुरक्षा ठेका श्रमिकों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक महाप्रबंधक संदीप यादव व गिरिराज देशमुख ने किया।

### सियान सदन के वरिष्ठजनों का किया सम्मान



**भिलाई।** बीएसपी के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा संचालित भिलाई इस्पात सियान सदन में अन्तरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वरिष्ठजनों का सम्मान, भजन कार्यक्रम तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार थे। जेएन ठाकुर एक्टिंग सीजीएम एबी श्रीनिवास, महाप्रबंधक शिखा दुबे, डां. नवीन कुमार जैन, प्रशांत तिवारी, डां. निशि मिंज अधिकारी उपस्थित थे। महाप्रबंधक शिवरासन डीजीएम अपर्णा चंद्रा व केके वर्मा और केवी.विजयालक्ष्मी भी उपस्थित थे मुख्य अतिथि ने वरिष्ठजनों का गुलाब भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को संबोधित करते हुए उनके लिए और अधिक सुविधाएं मुहैया कराने तथा उनके जीवन को सुखद एवं आनंदमय बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने की बात कही। सत्य साईं सेवा मंडली द्वारा भजन सुनाए गए। 90 वर्ष से अधिक आयु के बीएल ढींगरा व बांगा का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। संचालन अपर्णा चंद्रा व धन्यवाद ज्ञापन उपप्रबंधक केके वर्मा ने किया।

## टाउनशिप में अधिकतर मकान मांग रहे मेंटेनेंस व विस्तार

# आवासीय समस्या से जूझ रहे हैं एमटीटी से लेकर सीजीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

टाउनशिप में कर्मचारियों और अधिकारियों के आवासीय समस्या में प्रबंधन की उदासीनता का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। स्थिति यह हो गई है कि एक तरफ नए कर्मचारी एमटीटी को भी अच्छे आवास नही मिल रहे हैं वहीं दूसरी ओर कुछ वरिष्ठ अधिकारियों को भिलाई निवास में रहने मजबूर होना पड़ रहा है। यूनियनों ने जल्द बड़े और सुविधायुक्त आवास बनाए जाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि टाउनशिप के आवास पचास से साठ साल पुराने होने के कारण जर्जर हो चुके हैं। फिर कर्मियों के अधिकतर आवास काफी छोटे हैं,जो आज की जरुरत के हिसाब से कमतर हैं। एक बड़ी समस्या बेजा कब्जों की है,जिसके चलते भी कर्मियों व अधिकारियों को मकानों के लिए परेशान होना पड़ रहा है। बढ़ती आवासीय समस्या को देखते हुए यूनियनों द्वारा पिछले कई साल से बड़े मकान निर्माण किए जाने की मांग सेल व लोकल प्रबंधन से की जा रही है लेकिन अब तक परिणाम शून्य है। इंटक के महासचिव वीबी सिंह बताते हैं कि प्रबंधन से टू बीएचके और थ्री बीएचके मकान बनाए जाने की मांग की गई है। इससे कर्मियों व परिवार को जर्जर और तंग मकान में रहने मजबूर नहीं होना पड़ेगा। कीर्तमानी उत्पादन करने वाले कर्मियों को उनकी बेसिक नीड को जल्द पूरा करने गंभीरता से ध्यान दिए जाने की जरुरत है।

**यूनियनों ने प्रबंधन से की नए टूबीएचके व थ्रीबीएचके मकानों का निर्माण**



### जर्जर व छोटे आवास में कई समस्याएं

टाउनशिप के सभी सेक्टरों में अधिकतर मकान जर्जर हो चुके हैं। अनेक ब्लाकों को तो प्रबंधन अनफिट कर चुका है। जर्जर होने के कारण आवासों में सीपेज, खिड़की दरवाजे टूटफूट, स्लैब व छज्जा गिरने और वायरिंग तथा गटर बाथरुम जाम होने की समस्या लाइलजा हो चली है। कर्मियों के हजारों मकान दो कमरे के हैं, जो तंग हैं। इनमें बढ़े परिवार व भौतिक सामानों के साथ गुजारा मुश्किल हो रहा है। इसके अलावा एक बड़ी समस्या पेशेवर कब्जाधारियों द्वारा सैकड़ो आवासों में कब्जे की है, जिसके चलते कर्मियों व अधिकारियों को आवास की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

### एमटीटी व सीजीएम परेशान

टाउनशिप में चौतरफा आवासीय समस्या की कीमत ट्रेनी कर्मियों से लेकर बड़े अफसरों तक को चुकानी पड़ रही है। जर्जर व बेजा कब्जा वाले मकानों के चलते करीबन दर्जन भर मुख्य महाप्रबंधक भिलाई निवास में रहने मजबूर हैं। कई किराए के मकान में रह रहे हैं। इसी तरह एमटीटीई कर्मियों को भी अच्छे मकान नहीं मिलने से अन्यत्र किराए या जर्जर मकानों में रहने मजबूर होना पड़ रहा है। यूनियनों के मुताबिक जर्जर मकानों को मेंटेनेंस नहीं कराने व नए आवास नहीं बनाने से एमटीटी कर्मियों निराशा है। उन्हें इस बात की पीड़ा है कि कोल व एनटपीसी जैसे उपक्रमों अच्छे मकान हैं तो बीएसपी क्यों ध्यान नहीं दे रही है।

# निकाय के अधिकारी-कर्मचारी तबादला आदेश के 15 दिन बाद अंततः हुए रिलीव

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

**लंबे समय तक ट्रांसफर रुकवाने की जुगत में थे, लेकिन नहीं चली सिफारिश**

18 सितंबर को निकायों के अधिकारियों और कर्मचारियों का तबादला आदेश जारी हुआ। आदेश जारी होने के बाद ट्रांसफर रुकवाने के लिए कई अधिकारियों और कर्मचारियों ने एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया, लेकिन उनका ट्रांसफर नहीं रुका। अंततः शुक्रवार को आयुक्तों ने उन्हें रिलीव कर दिया। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर अफसरों ने अपनी नई जगह पर ज्वाइनिंग भी ले ली। दूरदराज भेजे गए अधिकारी कर्मचारी सोमवार को ज्वाइनिंग लेंगे।

बता दें कि कई कर्मचारियों ने ट्रांसफर रुकवाने के लिए संगठन के बैनरतल नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव से भी मुलाकात की। इस दौरान सभी ने अपनी-अपनी समस्याएं भी रखी, लेकिन ट्रांसफर आदेश में संशोधन नहीं हुआ। शुक्रवार को भिलाई में पदस्थ ईई विनीता वर्मा को दुर्ग, ईई रवि सिन्हा को भिलाई-चरोदा, उपअभियंता सिद्धार्थ साहू को दुर्ग, सहायक अधीक्षक अजय शुक्ला को बिलासपुर, डाटा एंट्री ऑपरेटर शरद दुबे को जगदलपुर और स्टेनो टाइपिस्ट संजय शर्मा को कोरबा के लिए रिलीव किया गया। दुर्ग में भी स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा को रिसाली के रिलीव किया गया।

**नगरीय निकाय ने लंबे समय बाद की सर्जरी**



अलग खबर

बता दें कि 18 सितंबर को नगरीय निकाय ने लंबे समय बाद तबादला आदेश जारी किया था। भिलाई निगम के कई अधिकारी जो लंबे समय से जमे हुए थे, उन्हें दूरदराज के क्षेत्रों में भेजा गया है। ट्रांसफर आदेश के मुताबिक स्वच्छता निरीक्षक भैय्यालाल असाटी को बीरगांव का ट्रांसफर हुआ। हालांकि वे रिलीव नहीं हुए हैं। दुर्ग में कार्यपालन अभियंता प्रकाश थवानी की वापसी हुई है। वे वर्तमान में भिलाई-चरोदा में पदस्थ थे। भिलाई से स्वच्छता पर्यवेक्षक विवेक साहू को धमतरी भेजा गया है।

### निकायों में नजर आएंगे कई नए इंजीनियर

जानकारी के मुताबिक आदेश के बाद जिले के निकायों में नए इंजीनियर नजर आएंगे। इनमें फतेलाल साहू को भिलाई, प्रभाकर शुक्ला को भिलाई-चरोदा, विनीता वर्मा ईई भिलाई को दुर्ग, संजय वर्मा को भिलाई, रवि सिन्हा को भिलाई से चरोदा, प्रकाशचंद्र थवानी को चरोदा से दुर्ग, दिनेश नेताम को दुर्ग से कवर्धा, सिद्धार्थ साहू को भिलाई से दुर्ग, अशोक देवांगन को राजनांदगांव से भिलाई भेजा गया है। कुम्हारी के साधना अहिवार को महासमुंद, एके निर्मलकर को पाटन से पिथौरा, ढालेंद्र ठाकुर अमलेश्वर, प्रवीण साहू अमलेश्वर से पाटन, सुप्रिया नायक दुर्ग से रायपुर भेजी गई हैं।

### लेखापाल और लिपिक का भी ट्रांसफर

दुर्गेश गुप्ता को रिसाली से दुर्ग, बीनू वर्मा को चरोदा से जगदलपुर, अर्जुन पवार भिलाई, अजय बनिक रिसाली, विनय शर्मा भिलाई, शुभम महतो रिसाली से कुम्हारी, जितेंद्र देवांगन रिसाली से अहिवारा, अंकित यदु रिसाली से चरोदा, धर्मेंद्र मिश्रा दुर्ग से रिसाली, अंजू खाखा संयुक्त संचालक कार्यालय दुर्ग, किरण वर्मा रिसाली से भिलाई, विनय शर्मा रिसाली, योगेश सूरे रिसाली, नितिन श्रीवास कुम्हारी से दुर्ग, डोमन निषाद रिसाली सहित अन्य कर्मचारियों को ट्रांसफर किए गए थे। सभी को ज्वाइनिंग के निर्देश हुए हैं। इसके साथ ही आनन-फानन में कर्मचारियों ने ज्वाइंनिंग शुरू कर दी है।

# सेल में जल्द बढ़ेंगे 22 कार्यपालक निदेशक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सेल में पदस्थ बड़े साहबों का बहुत जल्द ओहदा बढ़ने वाला है। शनिवार से दिल्ली में शुरु होने वाले दो दिनी इंटरव्यू में भिलाई इस्पात संयंत्र के भी आधा दर्जन वरिष्ठ अधिकारी रेस में शामिल हैं। कुल 22 मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) कार्यपालक निदेशक ( ईडी) प्रमोट होंगे। इसके लिए आज यहां गहमागहमी का माहौल रहा।

सेल में सीजीएम से ईडी के पद पर पदोन्नति के लिए पिछले पखवाड़ेभर से तैयारी चल रही थी। पात्र मुख्य महाप्रबंधकों को उच्च प्रबंधन से बुलावे का पिछले महीनेभर से बेसब्री से इंतजार था। ईडी के लिए इंटरव्यू सेल कार्पोरेट आफिस दिल्ली में शनिवार और रविवार को होना है। भिलाई इस्पात संयंत्र से मुख्य महाप्रबंधक अनुराग उपाध्याय, विजय कुमार बेहरा, अनूप दत्ता, कार्तिकेय बेहरा, एसके घोषाल, राजीव पांडेय और आरबी गहरवार कुल 7 सीजीएम ईडी के लिए इंटरव्यू देंगे। पूरे सेल में 115 मुख्य महाप्रबंधकों को इंटरव्यू के लिए आमंत्रित किया गया है। इनमें कुल 22 सीजीएम ईडी के रुप में पदोन्नत होंगे। प्रमोट होने वाले वरिष्ठ अफसरों को सेल की अन्य यूनिटों में स्थानांतरित किया जा सकता है। प्रमोशन को लेकर यहां बीएसपी में पात्र सीजीएम में खासा उत्साह है वहीं क्राईटेरिया के चलते इंटरव्यू से वंचित कुछ मुख्य महाप्रबंधकों में किंचित निराशा है।

- **बीएसपी के भी सात मुख्य महाप्रबंधक देंगे इंटरव्यू**

### मैत्रीबाग में वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह में होंगी विभिन्न प्रतियोगिताएं, पांच से होंगे कार्यक्रम

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के उद्यान विभाग द्वारा अक्टूबर माह के प्रथम और द्वितीय सप्ताह में वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। बीएसपी व नान बीएसपी स्कूली बच्चों के मध्य चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता होगी। मैत्री बाग के मोमबत्ती लान में प्राथमिक, माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों के लिए 5 अक्टूबर को 10 बजे से 12 बजे तक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसके अतिरिक्त वन्य प्राणी एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर भाषण प्रतियोगिता 7 और 8 अक्टूबर को सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 7 में होगी । प्रतियोगिता में प्रवेश निःशुल्क होगा तथा हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में भाषण प्रस्तुत किया जा सकेगा। प्रत्येक शाला से अधिकतम पाँच प्रतिभागी प्रतियोगिता में सम्मिलित हो सकेंगे।

# एमआरडी का कीर्तिमान भेजे 108 स्लैग वाहन



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के मटेरियल रिकवरी विभाग एमआरडी ने एक ही दिन में 108 वाहनों में स्लैग की बिक्री एवं भेजने का कीर्तिमान बनाया है।

यह उपलब्धि हाल ही में प्रारंभ किए गए अतिरिक्त कैनाल गेट के माध्यम से संभव हो सकी, जिसे कुछ माह पूर्व सीईडी, इंस्ट्रूमेंटेशन, सी एंड आईटी तथा मैकेनिकल सर्विसेज विभागों के समन्वित प्रयासों से परिचालन प्रक्रिया में शामिल किया गया था।एलडी स्लैग का कुशल प्रबंधन और निष्पादन न केवल इस्पात उत्पादन की निरंतरता बनाए रखने के लिए आवश्यक है, बल्कि यह परिपत्र अर्थव्यवस्था की दिशा में संयंत्र के प्रयासों को भी सशक्त बनाता है। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तुषार कांत ने कहा कि अतिरिक्त कैनाल गेट के परिचालन में आने से मिल की कार्यप्रणाली में और अधिक सुदृढ़ता सुनिश्चित हुई है। यह उपलब्धि दर्शाती है कि जब विभिन्न इकाइयाँ एक साझा लक्ष्य के लिए सामूहिक प्रयास करती हैं, तो बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। महाप्रबंधक आलोक माथुर और उनकी टीम ने आवश्यक सहयोग प्रदान कर योगदान दिया।

- **सामूहिक प्रयास से मिली सफलता, मिली सराहना**

**कर्मियों व अधिकारियों के महंगाई भत्ता में 2.8 वृद्धि**

# बीएसपी कार्मिकों के डीए को मिली हरी झंडी



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर है। सेल प्रबंधन ने अपने कर्मचारियों और अधिकारियों के महंगाई भत्ते बढ़ोत्तरी को हरी झंडी दे दी है। अक्टूबर 2025 से दिसंबर 25 तक डीए में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इससे कार्मिकों में हर्ष है। बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता अक्टूबर पेड नवंबर माह वाले वेतन में किया जाएगा। नया महंगाई भत्ता ( अक्टूबर 2025 से दिसंबर 2025) 51.8 प्रतिशत है। पिछला महंगाई भत्ता( जुलाई 2025 से सितंबर2025) 49 प्रतिशत था। कुल महंगाई भत्ता में 2.8 फीसदी बढ़ोत्तरी की गई है। जबकि एआईसीपीआईएन (जून2025)-145.0, जुलाई 2025)- 146.5 और अगस्त 2025) 147.1 निर्धारित है। यूनियन सूत्रों के मुताबिक कर्मियों व अधिकारियों को बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता अक्टूबर पेड नवंबर महीने के वेतन के साथ किया जाएगा। इसके साथ ही अधिकतर ग्रेज्युटी का भुगतान 25 लाख रुपए होना भी सुनिश्चित हुआ है।

# पाइपलाइन में लीकेज के कारण 9 और 10 को आधे शहर में रहेगी पेयजल आपूर्ति प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर निगम भिलाई के 77 एमएलडी फिल्टर प्लांट के पम्प हाउस में स्थापित कॉमन मैनी फोल्ड पाइप में लीकेज सामने आया है। इसके संधारण में 2 दिन समय लगने की संभावना है। 1000 एमएम डाया एमएस पाइप लाइन का संधारण 8 और 9 अक्टूबर को किया जाना है। इस मेंटेनेंस के कारण शहर की पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। 8 अक्टूबर को जलप्रदाय किया जाएगा। 9 और 10 अक्टूबर को भिलाई निगम के जोन 02, 03, 04 एवं जोन 01 के कोहका उच्चस्तरीय जलागार से जल प्रदाय प्रभावित रहेगा। संधारण कार्य पूर्ण होने पश्चात पूर्व की भांति जल प्रदाय किया जाएगा।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301




**राजहरा माइंस अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन**

# जेएलएन अस्पताल के विशेषज्ञों ने दी अपनी सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के राजहरा माइंस चिकित्सालय में निःशुल्क व्यापक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। संयंत्र के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के वरिष्ठ चिकित्सकों और विशेषज्ञों ने स्थानीय समुदाय को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की। शिविर में 620 से अधिक परामर्श प्रदान किए गए, विभिन्न नैदानिक जांच, उपचार के साथ 16 इंट्राआर्टिकुलर इंजेक्शन और 12 प्लास्टर लगाए गए गए। शिविर के विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं सहायक अधिकारियों एवं कार्मिकों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. कौशलेंद्र ठाकुर सहित पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रमोद बिनायके (मेडिसिन), डॉ. चित्रा सुनोव (नेत्र रोग), डॉ. प्राची मेने (ईएनटी), डॉ. इमैनुएल मैसी (अस्थि रोग), डॉ. कौशिक किशोर (पीडियाट्रिक), डॉ. निशा ठाकुर (प्रसूति एवं स्त्री रोग), डॉ. धीरज शर्मा (जनरल सर्जरी), डॉ. शशांक अग्रवाल (त्वचा रोग), डॉ. निलेश चंद्रा (पेन मैनेजमेंट), संध्या शर्मा (कनिष्ठ प्रबंधक), श्रीमती श्वेता शर्मा (फिजियोथेरेपी), सुरजा जयप्रसाद (नर्सिंग स्टाफ), डीएनबी डॉ. सारिपुत्ता (अस्थि रोग), डीएनबी. डॉ. सुनील सिसोदिया (मेडिसिन), डीएनबी डॉ. तनया (प्रसूति एवं स्त्री रोग), डीएनबी. डॉ. अनुज (नेत्र रोग), डीएनबी. डॉ. सौम्या (ईएनटी) तथा कलोल (रेडियोलॉजी तकनीशियन) जएलएन अस्पताल सेक्टर नौ के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सेवाएं दीं। इसके अतिरिक्त राजहरा मेडिकल चिकित्सालय के सीनियर कंसल्टेंट एवं प्रभारी डां. मनोज डहरवाल तथा राजहरा माइंस अस्पताल की टीम भी उपस्थित थी। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने प स्थानीय लोगों को आवश्यक चिकित्सकीय सेवा प्रदान की। स्वास्थ्य सम्बन्धी सत्र भी आयोजित किए गए, जहां मरीजों को विभिन्न निवारक उपायों और जीवन शैली अपनाने के बारे में जानकारी प्रदान की गई।



### जागरुकता सत्र भी हुआ

राजहरा माइंस अस्पताल में सशक्त नारी, स्वस्थ परिवार कार्यक्रम के अंतर्गत एक जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया। निशा ठाकुर ने परिवार नियोजन, डॉ. कौशिक किशोर ने रेबीज के रोकथाम के प्रति लोगों को जागरूक किया।

### पोषण माह में स्वस्थ जीवन शैली, दिए टिप्स

**अंडा।** सेक्टर अंजोरा परियोजना दुर्ग ग्रामीण के ग्राम पंचायत अंजोरा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 6 में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान परियोजना अधिकारी दुर्ग ग्रामीण ऊषा झा ने हितग्राहियों एवं पालकों को नियमित आंगनबाड़ी आने एवं हर माह बच्चो का वजन, ऊंचाई लेकर बच्चो के पोषण स्तर को जानने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने हर माह आंगनबाड़ी से मिलने वाले अतिरिक्त पोषण आहार को केंद्र से ले जाने और हितग्राही को बराबर मात्रा में हितग्राही को ही स्वयं खाने की सलाह दी। गीताजंली भैंसारे ने स्थानीय फल, सब्जी, स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने के दिए टिप्स।

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शनिवार 4 अक्टूबर 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129



04



पुरानी साड़ी को नया लुक देकर दिखाएं जलवा, लगेंगी खूबसूरत


**लाइव इवेंट**

## ध्यान योग से अपने जीवन को रोग मुक्त बनाने और परमार्थ करने की दी सीख



**भिलाई।** निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम नेहरू नगर भिलाई में पांच दिवसीय ध्यान योग साधना शिविर का आयोजन किया गया था। 28 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक प्रतिदिन दो सत्रों में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व परख वक्ता संत अमोही साहेब कबीर निर्णय मंदिर बुरहानपुर म प्र से पांच दिनों तक उपस्थित रहे। इनके साथ ही अमोही साहेब, निकटेश्वर साहेब, फनेंद्र साहेब, लखन साहेब, शिवलाल साहेब, विजय रत्न साहेब, अंतराम साहेब, रमण शास्त्री साहेब, साध्वी विजय लक्ष्मी साहेब विशेष रूप से उपस्थित रहे। उपस्थित सभी साधु-संतों ने ध्यान योग के माध्यम से अपने जीवन को रोग मुक्त करने, संत कबीर के बताए मार्ग पर चलने, जीवन को परमार्थ में लाने के लिए बताए। इस कार्यक्रम में दुर्ग, भिलाई, रायपुर, राजनांदगांव और डोंगरगढ़ के अलावा अन्य राज्यों से भी सत्संग और ध्यान योग शिविर में भाग लेने पहुंचे थे। कार्यक्रम में आश्रम के ट्रस्टी और प्रबंध कार्यकारिणी के पदाधिकारियों में फकीर राम, गौकरण लाल, आत्मा राम साहू, डॉ हीरालाल साहू , खिलावन प्रसाद, प्रेमादास, डॉ दीनदयाल साहू, रामाधार साहू, विनोद कुमार, उर्मिला साहू, लाल जी साहू, अशोक साहू, दलजीत साहू का योगदान रहा। पांच दिनों तक लगातार अपनी उपस्थिति देने वाले भक्तों में वेद प्रकाश साहू, लक्ष्मी साहू, प्रगति साहू, कृपा राम, शिवपाल, रामकली वर्मा, प्रेमलता, उत्तम वर्मा, निर्मला वर्मा, सुभद्रा, किरण वर्मा, संत कुमारी, मेनका, दिलेश्वरी, बीरबल, केशव राम रहे। इसके साथ ही दूर दूर से प्रतिदिन सत्संग प्रेमी कबीर पंथी भी उपस्थित रहे। प्रतिदिन भजन संध्या के कार्यक्रमों में डॉली साहू और अन्य कलाकारों ने समा बांधा।



**पद्मनाभपुर व मिनी स्टेडियम दुर्ग दशहरा उत्सव एवं रावण दहन कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री यादव**

# जलाया गया 70 फीट अहंकारी रावण का पुतला,रामलीला का मंचन और गगनभेदी आतिशबाजी रहा आकर्षण का केंद्र



न्यू तरुण खेल एवं सांस्कृतिक समिति द्वारा रजत जयंती वर्ष को यादगार बनाने पदमनाभपुर मिनी स्टेडियम में विजयादशमीं का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर करीब 70 फीट विशालकाय रावण के पुतले के साथ कुंभकरण और मेघनाथ का पुतला जलाया गया, वहीं प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा रामलीला का संगीतमय मंचन और गगनभेदी आतिशबाजी आकर्षण का केन्द्र रहे। प्रसिद्ध कलाकार नकुल महलवार के निर्देशन में आयोजित रामलीला के मंचन ने लोगों को भाव-विभोर कर दिया। जिससे पूरा स्टेडियम रामलीला आयोजन के बीच-बीच में जय श्रीराम के जयकारों से गूंजता रहा। घंटो चले गगनभेदी आतिशबाजी के रोशनी से दशहरे में दिवाली पर्व का माहौल बना। दशहरा उत्सव में बारिश बाधक बनी, लेकिन लोगों के उत्साह के सामने बारिश भी फीका पड़ गया। लोगों ने हल्की बारिश में भीगते हुए दशहरा उत्सव का भरपूर आनंद लिया। इस दौरान लोगों का उत्साह देखते बन रहा था।





**दुर्ग।** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव दीपक दुबे ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि विजयादशमी का पर्व असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। यह पर्व हमें सीख देती है कि कितना भी हमारे सामने कठिनाई क्यों ना आए, लेकिन हमें हमेशा सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए, यह प्रभु श्री रामचंद्र का आदर्श है। जिसे हमें आत्मसात कर अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहिए। कार्यक्रम में रत्नाकर राव, दुर्ग निगम के एमआईसी सदस्य लीलाधर पाल, पार्षद संजय अग्रवाल, दीपक साहू, स्पर्श मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. दीपक वर्मा मौजूद रहे। अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित कर आयोजन की सराहना की और युवा टीम को बधाई दी। संचालन समाजसेवी कुलवंत भाटिया ने किया। इस अवसर पर न्यू तरुण खेल एवं सांस्कृतिक समिति पदमनाभपुर के अध्यक्ष अनुज दुबे, अनिल वर्मा, अशवस्त सिंह, संजय नामदेव, ऋषि गुरुबक्शानी, सतीश पांडेय, तुषार कुमार, विनोद राणा, आनंद कपूर ताम्रकार, प्रीतम देशमुख के अलावा हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात कर सशक्त एवं सभ्य समाज का करें निर्माण : मंत्री यादव



**दुर्ग।** प्रदेश के स्कूल शिक्षा ग्रामोद्योग विधि एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव विगत दिवस विजयादशमी पर्व के दिन नगर के बैगापारा मिनी स्टेडियम और ऋषभ ग्रीन सिटी में आयोजित दशहरा उत्सव एवं रावण दहन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने यहां पर भगवान श्रीराम के आरती एवं पूजा अर्चना कर प्रदेशध नगरवासियों की जीवन में सुख-शांति और समृद्धि की मंगल कामना की। मंत्री यादव ने कहा कि बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा हम सभी के जीवन में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करता है। यह पर्व हमें सत्य, साहस और कर्तव्यनिष्ठा के मार्ग पर चलने का संकल्प दिलाता है। मंत्री यादव ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जीवन हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए हमें समाज में समरसता, भाईचारा और मानवीय मूल्यों को सशक्त बनाना होगा। यही मार्ग हमें एक सशक्त और सभ्य समाज की ओर ले जाएगा। उन्होंने कहा कि रामराज्य की परिकल्पना केवल शासन तक सीमित नहीं हैए बल्कि यह प्रत्येक नागरिक के जीवन में नैतिकता, न्याय और समानता को स्थापित करने का संदेश देता है। आज के बदलते परिवेश में श्रीराम के आदर्शों और दशहरा पर्व की प्रासंगिकता और भी बढ़ गई है। मंत्री यादव ने कहा कि दशहरा का यह पर्व हमें यह संदेश देता है कि चाहे बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंततः विजय सदैव सत्य और धर्म की ही होती है। कार्यक्रम में महापौर अलका बाघमार, स्थानीय जनप्रतिनिधि, नगर गणमान्य नागरिक, आयोजन समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**सिटी इवेंट**

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शहरवासियों ने उठाया लाभ, मरीजों को दी गई दवाएं



**भिलाई।** हजरत बिलाल मस्जिद आमदी नगर हुडको में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। दिन भर 300 से ज्यादा लोगों ने यहां पहुंच कर विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लिया और जरूरी जांच भी निःशुल्क करवाई। मरीजों को निःशुल्क दवाएं भी दी गई। मस्जिद कमेटी के सदर शाहिद अहमद रज्जन ने बताया कि आई एल एस हॉस्पिटल्स की ओर से इस शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जावेद परवेज, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. भुवन शर्मा, गुर्दा रोग विशेषज्ञ डॉ. करण सराफ , गैस्ट्रो एंटरोलॉजिस्ट डॉ. धीरज प्रेमचंदानी और शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश सिंह ने अपनी सेवाएं दी।

वहीं क्षयरोग परीक्षक मोहम्मद फारुक सहित अन्य पैथोलॉजिस्ट व फार्मासिस्ट ने भी शिविर में सेवाएं दी। यहां दिनभर शिविर में ब्लड प्रेशर, ईसीजी, एचबीए1सी, लिपिड प्रोफाइल और लिवर स्कैन जांच की निःशुल्क सुविधा का लोगों ने लाभ लिया। अंत में शिविर में योगदान देने वाले चिकित्सकों व अन्य सहायकों का मस्जिद कमेटी की तरफ से इस्तकबाल किया गया। सदर शाहिद अहमद रज्जन ने बताया कि कमेटी की ओर से आगामी महीनों में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध होगी। शिविर को सफल बनाने में भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट के साबिक सदर रहमतुल्लाह अंसारी, नईमुद्दीन, शेख अकरम, अब्दुल हक, युनूस खान सिद्दीकी, रियाज चौहान, हाशिम खान, डॉ. परवेज अख्तर और हुसैन अली अशरफी सहित अनेक लोगों का योगदान रहा।



# परिषद के पदाधिकारियों को पद और कर्त्तव्यनिष्ठा की दिलाई शपथ

**दुर्ग।** महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में आर्थिक परिषद का गठन और पी पी टी का आयोजन किया गया। एम.ए. प्रथम सेमेस्टर और तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं एवं प्राध्यापकों की उपस्थिति में कार्यकारिणी के सदस्यो को मनोनित किया गया।

छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ.रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि पी.पी.टी. कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं मे प्रस्तुतिकरण कौशल का विकास करना विषय पर शोध क्षमता एवं तकनीकी ज्ञान का विकास करना है। विभागाध्यक्ष डॉ. मुक्ता सांखला ने परिषद पदाधिकारियो को पद एवं कर्त्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाते हुए कहा कि विभाग की सभी छात्राएं विभागीय गतिविधियों में सहभागिता



दिखायेंगी।विभागाध्यक्ष ने परिषद के गठन का महत्व भी बताते हुए कहा कि पी.पी.टी. प्रस्तुतिकरण छात्राओं में आत्मविश्वास एवं तकनीकी दक्षता के विकास के लिए आवश्यक है। परिषद प्रभारी डॉ. दीपक कश्यप ने परिषद के माध्यम से सभी छात्राओ को सेमीनार पावर प्वांईट प्रेजेंटेशन, पोस्टर प्रेजेंटेशन, औद्योगिक भ्रमण एवं अन्य समारोह आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.कमलेश चेलक ने किया। विभागाध्यक्ष ने परिषद के सभी मनोनित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। परिषद के पदाधिकारियों में अध्यक्ष तृप्ती साहू एम.ए.तृतीय सेमेस्टर, उपाध्यक्ष हर्षिता एम.ए. प्रथम सेमेस्टर, सचिव आस्था दुबे एम.ए.प्रथम सेमेस्टर, कार्यकरणी सदस्यों में दिप्ती ठाकुर एम ए तृतीय सेमेस्टर, चंचल यादव एम.ए.तृतीय सेमेस्टर, तानिया बघमरया एम.ए.प्रथम सेमेस्टर, सुस्मिता खुटेल एम.ए.प्रथम सेमेस्टर को मनोनित किया गया है।

# तालपुरी में सर चढ़कर बोला साड़ी रैंप वाक का जादू

**भिलाई।** इंटरनेशनल कॉलोनी, तलपुरी में साड़ी रैम्प वॉक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आकर्षक शो में देश के विभिन्न प्रांतों की पारंपरिक साड़ियों पहनकर प्रतिभागियों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर सास्कृतिक प्रस्तुति यादगार रही। श्रद्धा देवांगन और प्रिया झा के संयोजन में "भारत की विविध बुनाइयाँ थीम पर एक ही मंच पर महिलाओं द्वारा प्रतिभागिय अलग–अलग प्रांतों की पारंपरिक साड़ियाँ पहनकर अपनी अद्भुत व मोहक प्रस्तुति दी। आकर्षक प्रस्तुति के लिए विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। शो के आकर्षण का केंद्र बंगाल, ओडिशा, बिहार, झारखंड, यूपी और एपी आदि राज्यों के बीच छग की पारंपरिक साड़ी भी छाई रही। कार्यक्रम में दर्शकों ने देश की विविध बुनाईयों को आकार देने बुनकरों के साथ इन्हें साकार करने वाले प्रतिभागियों की भी सराहना की। लोगों को यह आभास ही नहीं हुआ कि कौन महिला प्र ति भा गी किस प्रांत की साड़ी पहने हुए है। विविधता में एकता का यह सांस्कृतिक समरसता सभी को खूब भाया। संयोजक श्रद्धा देवांगन व प्रिया झा ने बताया कि हमारा प्रयास भारत के विभिन्न प्रांतों की बुनाईयों की मेहनत का सामने लाना था, जिसमें हमें सफलता मिली।



**दुर्ग में स्वच्छता अभियान : गांधी और शास्त्री जयंती पर छात्राओं ने दिया संदेश**

# देश और समाज को स्वच्छ रखना भी देश की सेवा, स्वच्छता केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं बल्कि जीवनशैली में अपनाएं

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती और अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के अवसर पर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्वच्छता का संदेश देते हुए नारे लगाये और विद्यालय परिसर के साथ ही उसके आसपास के क्षेत्रों में सफाई की। इस अवसर पर अतिथियों ने महात्मा गांधी के संदेशों को आत्मसात करते हुए स्वच्छता और आत्मनिर्भरता को स्वतंत्र भारत की नींव बताया।इस अवसर पर विद्यालय द्वारा गांधी और शास्त्री के विचारों को आत्मसात करते हुए समाज में स्वच्छता का संदेश फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने स्वच्छता ही सेवा है के उद्देश्य को लेकर विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई की। कक्षा-कक्ष, मैदान और आस-पास की गलियों में विद्यार्थियों ने झाड़ू लगाई और कचरा उठाकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का प्रयास किया। इस दौरान छात्राओं ने एक कदम स्वच्छता की ओर,,,गांधीजी का सपना, स्वच्छ हो अपना,,,,स्वच्छ भारत का सपना पूरा करेंगे हम सब मिलकर के नारे लगाकर जागरूकता फैलाई।



### स्वच्छ रहें और स्वच्छता रखने का दिया संदेश

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने कहा कि स्वच्छ रहें और स्वच्छता रखें। देश और समाज को स्वच्छ रखना ही सच्चे अर्थों में देश की सेवा है। महात्मा गांधी ने स्वच्छता और आत्मनिर्भरता को स्वतंत्र भारत की नींव बताया था। वहीं लाल बहादुर शास्त्री ने सादगी, अनुशासन और सेवा भाव से राष्ट्र को दिशा दी। यह दिन हम सभी को उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा देता है।कार्यक्रम में उपस्थित एनसीसी ऑफिसर एम के भारद्वाज ने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं बल्कि जीवनशैली होनी चाहिए। जब हर नागरिक अपने घर, विद्यालय और आसपास को स्वच्छ रखेगा तभी गांधी का स्वच्छ भारत का सपना साकार होगा। कार्यक्रम में एमके बोरकर, डी के पटले भी शामिल रहे।

### अपने जीवन में स्वच्छता को अपनाएं

इस अभियान में छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक अपने अनुभव साझा किए। छात्रा जैनब ने कहा आज सफाई करके हमें समझ आया कि स्वच्छता केवल सफाईकर्मियों का काम नहीं, बल्कि हम सबकी जिम्मेदारी है। कुमकुम ने कहा गांधी का सपना साकार करना है तो हमें प्रतिदिन अपने जीवन में स्वच्छता को अपनाना होगा।विद्यालय परिसर उत्साह और ऊर्जा से गूंज उठा। बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर स्वच्छ भारत- स्वस्थ भारत का सामूहिक संकल्प लिया।



## हेल्थ इवेंट

# स्वच्छता ही सेवा अभियान में लगा हेल्थ कैम्प, 600 महिलाओं की हुई जांच





**दुर्ग।** ग्राम पुरदा में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत एक दिन, एक घंटा श्रमदान एवं सुरक्षा मित्र स्वस्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 400 महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं, ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। इसमें अधिकारी एवं कर्मचारी भी सम्मिलित हुए। कार्यालय राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण विकास भवन नया रायपुर से अभिलाशा आनंद राज्य सलाहकार द्वारा इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर जानकारी दी गई कि ग्राम में स्वच्छाग्राहियों द्वारा घर-घर कचरा एकत्रिकरण का कार्य किया जा रहा है। इसमें ग्रामीणों द्वारा घर में ही गीला एवं सूखा कचरा पृथक करना आवश्यक है। केवल सूखा कचरा ही स्वच्छाग्राहियों को रिक्शा में देना है गीला कचरा को मवेशियों एवं खाद बनाने में उपयोग करना है। प्रिया साहू, सभापति स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण जिला पंचायत दुर्ग द्वारा स्वच्छाग्राहियों को हर घर से 30 रुपए यूजर चार्जेस देने के लिए प्रेरित किया गया। पवन शर्मा उपाध्यक्ष जिला पंचायत ने सभी घरों में शौचालय की सुविधा होने से महिलाओं एवं बच्चों को सुरक्षा मिलने की बात रखी। जितेन्द्र साहू, प्रदेश अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड ने सभी ग्रामीणों को शौचालय के उपयोग को शत प्रतिशत करने एवं गांव में स्वच्छता बनाये रखने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। स्वास्थ्य शिविर में लगभग 600 लोगों का स्वस्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया।

## कन्याओं का चुनरी ओढ़ाकर किया श्रृंगार, सत्ती चौरा दुर्गा मंदिर में सभी समाजों ने की सेवा

# 3300 कन्याओं के साथ निकाली शोभायात्रा पुष्पवर्षा कर किया स्वागत, कराया कन्या भोज

**भिलाई।** धार्मिक नगरी दुर्ग के सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर समिति द्वारा क्वांर नवरात्र के अवसर पर महाकन्या भोज का आयोजन किया गया। जिसमें 3300 कन्याओं को एक साथ, एक समय और एक स्थान में बैठाकर कन्या भोज कराया गया। इस कन्याभोज में 1 वर्ष से लेकर 12 वर्ष तक की कन्याएं शामिल रही और उन्हें उपहार भेंट कर विदा किया गया। कन्या भोज से पहले सभी कन्या मातओं के साथ शोभा यात्रा विभिन्न चौक-चौराहों से निकाली गई। जिसका पुष्प वर्षा और आरती उतारकर सभी ने स्वागत किया।

आयोजक समिति के योगेन्द्र शर्मा बंटी ने बताया कि सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर में इस बार क्वांर नवरात्र के समापन कार्यक्रम में पूरे आसपास ही नही बल्कि प्रदेश का सबसे बड़ा और ऐतिहासिक कन्याभोज का आयोजन किया गया। इस दौरान सबसे पहले सभी कन्याओं को दुर्गाधाम पुरानी गंजमण्डी, गंजपारा, दुर्ग में 3300 से ज्यादा कन्याओं को विभिन्न वार्डो से एकत्रित किया गया। जहां समिति की महिला सदस्यों ने सभी कन्याओं को पैर में माहुर (अलाता) लगाया और सभी को चुनरी उढ़ाकर श्रृंगार कर भव्य शोभायात्रा निकाली। जहां जहां से यह शोभायात्रा निकली वहां लोगो ने पानी से रोड को ठंडा किया और पुष्प वर्षा कर माताओं का आरती कर स्वागत किया। उसके बाद सभी कन्याओं को एक साथ बैठाकर कन्याभोज कराया गया। जिसमें काफी संख्या में वर्तमान और पूर्व वार्ड पार्षद, आंगनबाड़ी सेविकाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लेकर सेवा कार्य किया।



8 सौ मीटर लंबे पंडाल में एक साथ हुआ भोज





### चारों तरफ दिखा धार्मिक वातावरण

कन्याभोज के लिए जब पूरे शहर के हर वार्ड से कन्या रुपी माताएं निकली तब पूरे शहर में चारों तरफ धार्मिक वातावरण देखने को मिला। लोगो ने बताया कि पूरे शहर में कन्या माताओं का ऐसा अलौकिक दृश्य देखने को पहले कभी नही मिला। कन्या भोज के लिए जब बच्चे सत्तीचौरा आये तो माता का मंदिर पूरा खचाखच भर गया। जहां कन्या माताओं की आरती की गई। दुर्गाधाम पुरानी गंजमण्डी में गंजपारा दुर्गा उत्सव समिति द्वारा पण्डाल लगाकर कन्याओं को विधिवत बैठाकर भोजन कराया और सभी को पानी, बिस्किट व फल का वितरण कर भेंट स्वरूप गिफ्ट देकर पैर पूजकर माता का आर्शिवाद लिया।

## सिटी लाइव

# साहित्यकार विजय वर्तमान को अगासदिया सम्मान



**भिलाई।** प्रगतिशील कथाकार साथी विजय वर्तमान को उनके निवास स्थान मैंत्रीकुंज भिलाई में अगासदिया सम्मान दिया गया। शहीद दुर्वाशालाल निषाद की स्मृति में बालोद जिले की विभूतियों पर केन्द्रित पुस्तक के सहलेखक विजय वर्तमान विगत चार माह से कभी बेंगलुरू और कभी अन्यत्र भ्रमण में रहते थे। यह सम्मान पुस्तक के अन्य लेखक बद्री प्रसाद पारकर, मुनीलाल निषाद, श्रीमती स्मिता वर्मा, डॉ. शिरोमणि माथुर, शिवकुमार डहरिया विधायक ललित चंद्राकर के हाथों विराट केंवट समाज सम्मेलन में प्रदान किया जा चुका था। विजय वर्तमान को अब भिलाई में हमने यह सम्मान दिया। सम्मान के अवसर पर बद्रीप्रसाद पारकर, मुनीलाल निषाद, अब्दुल कलाम उपस्थित थे। विजय वर्तमान ने बालोद जिले के प्रसिध्द समाजसेवी दाऊ ढालसिंह दिल्लीवार पर महत्वपूर्ण आलेख लिखकर सहयोग किया। सम्मान देते हुए पुस्तक के सम्पादक डॉ. परदेशीराम वर्मा ने कहा कि विजय वर्तमान रसायन शास्त्र के व्याख्याता रहे। भाई विजय प्रगतिशील रचनाकार हैं। वे प्रसिध्द कलाकार भी हैं। बहुआयामी साधक विजय कथा लेखन के साथ कविताएं भी लिखते हैं। बच्चों पर बहुंत महत्वपूर्ण पुस्तक भी उन्होंने लिखा है। हिन्दी वर्णमाला के सभी अक्षरों पर सचित्र गीतों की किताब है धानी के अक्षर गीत। विजय वर्तमान को सभी साथियों ने निरंतर लिखने के लिए बधाई देते हुए शाल, श्रीफल और एक भव्य स्मृति चिन्ह भेंट किया।

## शुक्रवार को भी विसर्जन

# दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन में जुटे श्रद्धालु



**दुर्ग।** ग्राम कोटनी में मां दुर्गा की प्रतिमा को नौ दिनों तक विधि विधान के साथ पूजा अर्चना के बाद नवमी को गांधी चौक से सेवा भजन कर गांव के सभी चौराहाओं में भ्रमण कर मां दुर्गा की प्रतिमा को शिवनाथ नदी में विसर्जन किया गया। शुक्रवार को भी दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन पूरे दिन होते रहा।

### कोटनी में आतिशबाजी के बीच रावण दहन

**दुर्ग।** ग्राम कोटनी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बुराई पर अच्छाई व असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक विजयादशमी पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया । इस अवसर पर जमकर आतिशबाजी की गई। सांकेतिक रामलीला का आयोजन किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इसके बाद रावण के अहंकारी पुतले का दहन किया गया। पिछले कई वर्षों से कोटनी में दशहरा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। शहर में इसके अलावा बैगापारा मिनी स्टेडियम, रविशंकर स्टेडियम, पद्मनाभपुर, पॉलीटेक्नीक कॉलेज, जवाहर नगर सहित अन्य जगहों पर रावण दहन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधी शामिल हुए।



## संस्था के प्रति प्रकट किया आभार

# रिटायर कर्मियों ने अनुभव किए साझा सम्मान पत्र के साथ दिया अंतिम चेक



**भिलाई।** बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 ने समारोह का आयोजन कर बीएसपी की सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को ससम्मान विदाई दी। सोसाइटी के अध्यक्ष पूरनलाल देवांगन ने रिटायर कर्मियों को सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान रिटायर कर्मियों ने सम्मान के लिए आभार जताते हुए रिटायर राजेंद्र सिंह, संजय श्रीवास्तव, राजीव रामटेके, घनश्याम देवांगन, प्रताप सिंह, मान बहादुर प्रधान ने अपने अपने अनुभव सभी के साथ साझा करते हुए कहा कि सेवाकाल की शुरूआत में वरिष्ठ कर्मियों ने इस सोसाइटी का सदस्य बनने प्रेरित किया था इसका लाभ हमें हमेशा मिला।

समारोह को मर्चेंट मिल से रविकांत महाजन, अवधेश कुमार राय,कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग से अरुण कुमार मैती, बृजेश कुमार अग्रवाल, राकेश कुमार, मेडिकल से गौरी देवी, रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल से जीएसएस प्रसाद राव, ब्लास्ट फर्नेस से हरेंद्र कुमार टिकरिहा, स्टील मेल्टिंग शॉप से जयंत कुमार घोष और ट्रांसपोर्ट एंड डीजल आर्गेनाइजेशन से रतनलाल ने भी संबोधित किया।

सभी ने सेक्टर 4 सोसाइटी की कार्य प्रणाली को सराहा, पारिवारिक माहौल की बात की और मेंबरशिप जारी रखने का अनुरोध किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष असमां परवीन, संचालक मंडल सदस्य विपिन बन्छोर, जानकी राव, सतानंद चंद्राकर, पुरुषोत्तम कंवर, वेद प्रकाश सूर्यवंशी और नितिशा साहू, सोसायटी के कर्मियों में मैनेजर सुदीप बनर्जी, पिजुष कर, नारायण साहू, सुरेश कुमार सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे। मंच संचालन शशि भूषण सिंह ठाकुर ने और आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष अशोक राठौर ने किया।

## समाज इवेंट

# स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने महिलाएं कल लगाएगी प्रदर्शनी



■ महिलाओं को स्वावलंबन से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना कैट का उद्देश्य

**दुर्ग।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और महिलाओं को स्वावलंबन से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अभियान चला रहा है। इसे लेकर कैट की दुर्ग जिला महिला इकाई द्वारा 5 अक्टूबर को सिटी सेंटर मॉल, फरिश्ता कॉम्पलेक्स के पास में भव्य दिवाली एक्जीबिशन का आयोजन किया गया है। यह एक्जीबिशन प्रातः 10.30 बजे से शुरू होकर रात्रि 9 बजे तक चलेगा। स्वदेशी भारतीय उत्पादों एवं उद्यमों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित एक्जीबिशन में आत्मनिर्भर महिलाएं हस्तनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी लगाएंगी। एक्जीबिशन में स्वदेशी उत्पाद के अलावा अन्य पारंपारिक वस्तुएं एवं छत्तीसगढ़ी व्यंजन आकर्षण का केन्द्र होंगे। एक्जीबिशन के आयोजन में स्वावलंबी भारत अभियान और कैट युवा विंग दुर्ग सहयोगी संस्था है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की दुर्ग जिला महिला इकाई अध्यक्ष पायल जैन ने बताया कि कैट की महिला इकाई स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लंबे समय से कार्य कर रही है। इस श्रृंखला में एक्जीबिशन का आयोजन किया गया है। यह एक्जीबिशन नहीं है, बल्कि स्वावलंबी भारत अभियान अंतर्गत महिलाओं को आत्मनिर्भर और रचनात्मकता को नया आयाम देने का प्रयास है। वोकल फॉर लोकल की भावना से प्रेरित एक्जीबिशन महिलाओं को उद्योग की विचारधारा से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर और सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।


## आत्मनिर्भर भारत की ओर स्वरूपानंद महाविद्यालय का संकल्प

# संस्कृति के रंग- स्वदेशी के संग, ठेठरी, खुर्मी, धुस्का और बेगुन भाजा पारंपरिक व्यंजनों का उठाया लुत्फ

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** स्वदेशी उत्सव–आत्मनिर्भर भारत का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय भिलाई में आयोजित किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने अपने-अपने राज्य की पारंपरिक वेशभूषा के साथ पारंपरिक व्यंजनों को एक-दूसरे के साथ शेयर कर महत्व बताया। उत्सव के दौरान विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने मुठिया, ठेठरी, खुर्मी, धुस्का, बेगुन भाजा और चीला जैसे पारंपरिक व्यंजनों का भरपूर आनंद लिया।



### स्वदेशी वस्तुएं हमें आत्मगौरव, व आर्थिक सशक्तिकरण देती है

एन.एस.एस कार्यक्रम अधिकारी संयुक्ता पाढ़ी ने स्वदेशी उत्सव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत का मार्ग हमारी अपनी संस्कृति और परंपराओं की शक्ति में छिपा है। यह उत्सव हमें यह सिखाता है कि विदेशी वस्तुएं हमें सुविधा दे सकती हैं, पर स्वदेशी वस्तुएं हमें आत्मगौरव, स्वास्थ्य और आर्थिक सशक्तिकरण प्रदान करती हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने रचनात्मकता दिखाई। जहां युवा पीढ़ी न केवल परंपरा को सहेजा, वहीं स्थानीय हस्तशिल्प, स्वदेशी व्यंजन और पारंपरिक परिधान के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने का मार्ग भी प्रशस्त किया।

### हस्तशिल्प कला का किया प्रदर्शन

इस अवसर पर प्राध्यापकों और विद्यार्थियों द्वारा हस्तनिर्मित वस्तुओं की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें वॉल आर्ट, कुशन कवर, जूट बैग, पर्स, कॉटन पर कशीदाकारी किए हुए रूमाल और सोफा कवर जैसे सुंदर हस्तशिल्प प्रदर्शित किए गए। इस दौरान विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा में रैंप वॉक की आकर्षक प्रस्तुति भी दी गई। किसी ने पंजाब की फुलकारी की झलक दिखाई, तो किसी ने बंगाल का तांत, किसी ने छत्तीसगढ़ के रंगीन लुगरा का आकर्षण बढ़ाया, तो किसी ने ओडिशा की प्रसिद्ध सम्बलपुरी साड़ी का मनमोहक प्रदर्शन किया। आपसी सहयोग और उत्साह से सराबोर यह आयोजन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि स्वदेशी भाव को जीवन में उतारने का प्रेरक संकल्प बन गया। विभागाध्यक्ष डॉ. शमा बैग ने अपने हाथों से बनाए गए कुशन कवर और वॉल हैंगिंग का प्रदर्शन करते हुए कहा कि स्वदेशी कला हमारी सृजनात्मकता और परंपरा का संगम है, जिसे हमें संजोकर रखना चाहिए। प्राचार्या डॉ. हंसा शुक्ला ने कहा कि युवा पीढ़ी जब स्वदेशी को आत्मसात करेगी, तभी आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार होगा। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी न केवल पारंपरिक संस्कृति को सहेज रहे हैं, बल्कि आधुनिक समय में उसे नई दिशा भी दे रहे हैं।

सिटी स्पोर्ट्स

## विटामिन की कमी भी हो सकती है आपकी बढ़ी हुई शुगर की वजह



क्या आपकी डायबिटीज कंट्रोल में नहीं आ रही है, क्या अक्सर आपका ब्लड शुगर लेवल बढ़ा हुआ रहता है, अगर ऐसा है तो इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। इनमें से एक शरीर में विटामिन-डी की कमी भी है। अगर आपको डायबिटीज की समस्या है और सही डाइट और लाइफस्टाइल के बावजूद इसे कंट्रोल करने में मुश्किल आ रही है, तो इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। अमूमन लोगों को लगता है कि सिर्फ मीठा खाने से ब्लड शुगर लेवल बढ़ता है। लेकिन, ऐसा नहीं है। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। इनमें शरीर में कुछ जरूरी न्यूट्रिएंट्स की कमी भी हो सकती है। शरीर में विटामिन-डी के कमी होने के कारण भी ब्लड शुगर लेवल पर असर होता है।

यह विटामिन, इंसुलिन लेवल को रेगुलेट करने और ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में अहम भूमिका निभाता है। ऐसे में इसकी कमी ब्लड शुगर लेवल पर असर डाल सकती है। यह विटामिन, किस तरह ब्लड शुगर लेवल पर असर डालता है, चलिए इस बारे में एक्सपर्ट से जानते हैं। यह जानकारी डॉक्टर दीक्षा भावसार दे रही हैं। एक्सपर्ट का कहना है कि अगर आपका ब्लड शुगर लेवल बढ़ा हुआ रहता है, तो डाइट में बदलाव करने से पहले अपना विटामिन-डी लेवल चेक करवाएं।

विटामिन-डी3 का शुगर लेवल को मैनेज करने में अहम रोल होता है। यह इंसुलिन हार्मोन को कम करने में मदद करता है। शरीर में इसकी कमी होने पर शुगर, ब्लड में ही रहती है और ब्लड शुगर लेवल बढ़ा हुआ रह सकता है।

सेल्स में ग्लूकोज के पहुंचने के लिए इंसुलिन कितना बेहतर तरीके से काम कर पाएंगी, इसमें विटामिन-डी की अहम भूमिका होती है। जब शरीर में विटामिन-डी की कमी होती है, तो ग्लूकोज को सेल्स तक पहुंचाने में इंसुलिन सही तरह के काम नहीं कर पाती है और शरीर में इंसुलिन रेजिस्टेंस बढ़ने लगता है।

शरीर में विटामिन-डी की कमी इंफ्लेमेशन भी बढ़ा सकती है। विटामिन-डी, शरीर में इंफ्लेमेशन को कम करता है। जब आपके शरीर में विटामिन-डी कम होता है, तो शरीर इंफ्लेमेटरी केमिकल्स को ज्यादा बनाना शुरू करता है। इनकी अधिकता, इंसुलिन के काम करने की क्षमता को प्रभावित करती है। इसकी वजह से कमजोरी, वजन बढ़ना और मेटाबॉलिक दिक्कतें हो सकती हैं। हमारे पेनक्रियाज को सही मात्रा में इंसुलिन बनाने के लिए, विटामिन-डी की जरूरत होती है। जब शरीर में विटामिन-डी कम होता है, तो इंसुलिन




बनना भी कम हो जाता है। शरीर में विटामिन-डी की कमी, कैल्शियम पर भी असर डालती है। इंसुलिन के सही तरह के काम करने के लिए कैल्शियम का सही होना भी जरूरी है।

एक्सपर्ट का कहना है कि अगर आपका ब्लड शुगर लेवल लंबे समय से बढ़ा हुआ है, तो आपको विटामिन-डी के लेवल पर जरूर ध्यान देना चाहिए। डायबिटीज को मैनेज करने के लिए, आपको विटामिन-डी3 के लेवल पर भी ध्यान देना होगा।

डायबिटीज को सही तरीके से मैनेज करने के लिए डाइट यानी आहार का खास ध्यान रखना जरूरी माना जाता है। शरीर में ब्लड शुगर का स्तर आहार पर ही निर्भर करता है क्योंकि खाया जाने वाला आहार सीधे तौर पर शरीर में ग्लूकोज के स्तर को प्रभावित करता है। ऐसे में खान-पान की खराब और असंतुलित आदतें किडनी की परेशानी, नर्वस सिस्टम के डैमेज और दिल की बीमारी आदि का कारण बन सकती है। इस लेख में जानते हैं कि डायबिटीज के मरीजों को इस बीमारी को मैनेज करने के लिए अपनी डाइट में सही और सटीक बदलाव करते हुए क्या खाना चाहिए और क्या नहीं खाना चाहिए।

### डायबिटीज रोगियों को क्या खाना चाहिए?

डायबिटीज रोगियों को अपनी डाइट का



प्रबंधन करते हुए इस बात का ध्यान रखना चाहिए खाए गए भोजन से उनको पोषण भी मिले और शरीर में ब्लड शुगर का स्तर भी सामान्य रहे। डायबिटीज रोगियों को ये आहार अपनी डाइट में शामिल करने चाहिए –

डायबिटीज रोगियों को ऐसी सब्जियों का सेवन करना चाहिए जिनमें स्टार्च न हो। इन सब्जियों में पालक, शिमला मिर्च और ब्रोकली जैसी सब्जियां शामिल हैं। फाइबर से भरपूर इन सब्जियों में कार्बोहाइड्रेट कम होता है।

घरेलू उपाय और सामान्य दवाएं होती हैं कारगर

# बदलती जीवनशैली के चलते पेट फूलने की दिक्कत से जूझ रहे ज्यादातर लोग, राहत के उठाएं जरूरी कदम

पेट फूलना बहुत आम सी समस्या है, हम सभी ने कभी न कभी इससे संबंधित दिक्कतों का सामना जरूर किया होगा। पर क्या आप जानते हैं कि पेट फूलने की दिक्कत क्यों होती है? पेट फूलने की समस्या का मतलब पेट में गैस बनने के कारण इसका कड़ा महसूस होना होता है। ये समस्या कई कारणों से हो सकती है और किसी भी उम्र के व्यक्ति को प्रभावित कर सकती है। पेट फूलने की समस्या में कुछ प्रकार के घरेलू उपायों और सामान्य दवाओं के सेवन से लाभ मिल सकता है।

हालांकि अगर अक्सर आपको ये दिक्कत हो रही है तो फिर इससे सावधान हो जाना और डॉक्टर से मिलकर इसके कारणों का सही निदान करना आवश्यक हो जाता है। आइए जानते हैं इसके क्या कारण हो सकते हैं और इस समस्या में किन उपायों से आपको लाभ मिल सकता है?

### पेट फूलने की दिक्कत क्यों होती है?

पेट फूलने का एक सामान्य कारण कब्ज की दिक्कत होना है। आपको कब्ज़ होने पर मल त्याग करने में कठिनाई हो सकती है, जिसके कारण पेट फूलने की दिक्कत होना काफी सामान्य है। इसके अलावा ज्यादा तला भुने



चीजों का सेवन, पाचन विकार और कुछ प्रकार की अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्याओं के कारण भी आपको ये दिक्कत हो सकती है। अधिक तनाव लेना भी आपमें इस समस्या के लिए एक जोखिम कारक हो सकता है।

### वॉक और योग का करें अभ्यास

शारीरिक गतिविधि संपूर्ण स्वास्थ्य को ठीक रखने में आपके लिए मददगार है, इससे पाचन स्वास्थ्य में भी लाभ मिलता है और पेट फूलने जैसी दिक्कतों को भी कम किया जा सकता है। वॉक और योग जैसे अभ्यास की आदत बनाने से पेट से अतिरिक्त गैस को बाहर निकालने और मल त्याग को आसान बनाया जा सकता है। यदि किसी व्यक्ति को कब्ज़ या पेट में सूजन महसूस हो रही हो वॉक करने से इसमें आराम मिल सकता है।

### फाइबर की मात्रा बढ़ाएं



फाइबर को पाचन स्वास्थ्य के लिए आवश्यक माना जाता है, ये कब्ज और सूजन को कम करने में मदद करती है। हालांकि, यहां ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि बहुत अधिक फाइबर वाली चीजों से भी गैस और सूजन हो सकती है, इसलिए फाइबर का संतुलित मात्रा में सेवन सुनिश्चित करें। आहार में कुछ प्रकार के फलों-सब्जियों को शामिल करके आसानी से शरीर के लिए आवश्यक फाइबर की पूर्ति की जा सकती है।



### सोडियम का कम करें सेवन

सोडियम के अधिक सेवन को हाई ब्लड प्रेशर का कारक माना जाता है, पर क्या आप जानते हैं कि शरीर में इसकी अधिकता के कारण भी आपको पेट से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। सोडियम वाली चीजों के अधिक सेवन कारण पेट और शरीर के अन्य हिस्सों, जैसे हाथ और पैर में भी सूजन की दिक्कत हो सकती है। सोडियम की अधिकता हाई ब्लड प्रेशर का कारण हो सकती है।

## ड्रॉइंग रूम में बनी रहेगी पॉजिटिव एनर्जी, जानें कौन सा रंग कराना रहेगा शुभ

घर का ड्रॉइंग रूम वह स्थान है जहां आप मेहमानों का स्वागत करते हैं। ऐसे में वहां की एनर्जी पॉजिटिव होनी चाहिए। इसके लिए आप ड्रॉइंग रूम के कलर को जरूर चेंज करें, ताकि आपके घर का वातावरण बदल सके। कलर की सही जानकारी एक्सपर्ट ने आर्टिकल में शेयर की है।

घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहे। इसके लिए हम अक्सर अलग-अलग रंगों से ड्रॉइंग रूम से लेकर घर के हर कोने को सजाते हैं, लेकिन हम कलर करवाते समय वास्तु से जुड़ी चीजों का ध्यान रखना भूल जाते हैं, जिसकी वजह से घर में नेगेटिव एनर्जी सबसे ज्यादा नजर आती है। खासकर ड्रॉइंग रूम से जहां पर हमारे घर के गेस्ट भी आकर बैठते हैं। इस बार आप एस्ट्रोलॉजर और वास्तु शास्त्र एक्सपर्ट रिद्धि बहल के बताए गए रंगों से अपने ड्रॉइंग रूम को सजाएं, ताकि आपके घर में पॉजिटिव एनर्जी बनी रहे।

### ड्रॉइंग रूम में करवाएं हल्का रंग

ड्रॉइंग रूम के लिए हल्के रंग जैसे हल्का बेज, क्रीम, ऑफ-व्हाइट और आइवरी कलर सबसे ज्यादा शुभ माना जाता है। इन रंगों का इस्तेमाल करने से आपके घर में पॉजिटिविटी बनी रहती है। साथ ही आपके ड्रॉइंग रूम में सबसे ज्यादा रोशनी बनी रहती है। आप इसे ग्लॉसी और मैट हर तरह के कलर में कराकर अपने घर की दीवारों को सजा सकती हैं। आप दीवारों पर बेज रंग कराएं और फर्नीचर या कुशन में गहरे रंगों का प्रयोग करके एनर्जी का



संतुलन बनाएं।

### ड्रॉइंग रूम में करवाएं लाइट येलो कलर

पीला रंग सूर्य के प्रकाश और ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। यह खुशी और उत्साह को सबसे ज्यादा बढ़ाता है। यह रंग कमरे को रोशन करता है और एक खुशनुमा माहौल बनाता है। यह घर में आने वाले मेहमानों को पॉजिटिव एनर्जी देता है। इसके लिए आप मुख्य दीवारों पर लाइट येलो कलर का इस्तेमाल करें। इससे आपके घर का वातावरण ही बदल जाता है। साथ ही आपके घर में पॉजिटिविटी बनी रहती है।

### ड्रॉइंग रूम में करवाएं गुलाबी रंग

गुलाबी रंग अगर आप अपने ड्रॉइंग रूम में करवाते हैं, तो ऐसे में आपके घर में प्यार बना रहता है। यह रंग लोगों को काफी पसंद होता है। ऐसे में अगर आप इसे करवाएंगे, तो रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। साथ ही सकारात्मकता हर तरफ देखने को मिलेगी।

## जानिए अमीश मक्खन को, इसे इस्तेमाल करने के हैक्स भी



आप भी खाना बनाने के लिए मक्खन का इस्तेमाल करते होंगे, लेकिन क्या आपने अमीश मक्खन के बारे में सुना है या कभी इस्तेमाल किया है? अगर नहीं, तो इस बार मार्केट से अमीश मक्खन का इस्तेमाल करें। अमीश मक्खन आमतौर पर चरागाह में पाली जाने वाली गायों के दूध से बनाया जाता है, जबकि नियमित मक्खन उन गायों के दूध से बनाया जा सकता है जो चरागाह में नहीं पाली जाती हैं या जिन्हें घास के बजाय मुख्य रूप से अनाज खिलाया जाता है। इसका स्वाद नॉर्मल मक्खन के स्वाद से बिल्कुल अलग होता है, क्योंकि इसकी बनावट थोड़ी क्रीमी होती है।

### अमिश मक्खन कैसे बनाया जाता है?

अमिश मक्खन बनाने के लिए फ्रेश दूध से बनी क्रीम का इस्तेमाल किया जाता है। क्रीम आमतौर पर घास खाने वाली गायों के दूध से ली जाती है, जिससे मक्खन का स्वाद बेहतरीन होता है। इसके बाद क्रीम को मथनी में डाला जाता है और धीरे-धीरे मथा जाता है। इस दौरान मथने की प्रक्रिया में क्रीम से मक्खन और छाछ अलग हो जाते हैं। मक्खन बनने के बाद इसे ठंडे पानी से धोया जाता है। धोने से मक्खन में बचा हुआ छाछ पूरी तरह निकल जाता है, जिससे मक्खन ज्यादा दिन तक फ्रेश रहता है। मक्खन में स्वाद के लिए थोड़ा सा नमक डाला जा सकता है। हालांकि, कई बार इसे बिना नमक के भी बनाया जाता है, ताकि इसका स्वाद बरकरार रहे। अब मक्खन को आखिर में मोटे रोल में बदल दिया जाता है। बस आपका मक्खन बनकर तैयार है, जिसे ठंडी जगह पर स्टोर किया जा सकता है। अमिश मक्खन का पीला रंग होता है, जिसे क्रीम और घास खाने वाली गाय के दूध से तैयार किया जाता है। इसका स्वाद दूसरे मक्खनों की तुलना में ज्यादा क्रीमी, शुद्ध और स्वादिष्ट होता है। इसमें कोई रंग इस्तेमाल नहीं किया जाता, क्योंकि इसपर रंग नेचुरल सामग्रियों को इस्तेमाल करने की वजह से आता है।



## आज सभी उम्र के लोगों के लिए चुनौती है स्क्रीन टाइम, घातक हो रहा यह शौक

मोबाइल-कंप्यूटर हो या टीवी हम सभी पूरे दिन किसी न किसी तरह के स्क्रीन से घिरे ही रहते हैं। हालांकि ये आदत स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौतियां खड़ी कर रही है। अध्ययनों में बढ़ते स्क्रीनटाइम को शारीरिक और मानसिक दोनों तरह की सेहत के लिए खतरनाक माना जाता है। बच्चों से लेकर वयस्कों तक सभी उम्र के लोगों के लिए इसके दुष्प्रभाव देखे जाते रहे हैं। स्क्रीन टाइम उस समयावधि को कहा जाता है जितना वक्त हमारा किसी भी तरह की स्क्रीन के सामने बीतता है। स्क्रीन से ब्लू लाइट निकलती है जो आंखों से लेकर संपूर्ण स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकती है। आज के डिजिटल युग में मोबाइल-कंप्यूटर से हम सभी घिरे हुए हैं। सेहत पर कम उम्र से ही इसका काफी असर पड़ सकता है, आंखों की बढ़ती समस्याओं के लिए इसे प्रमुख कारक के रूप में जाना जाता है। रोशनी कम होने के साथ-साथ संज्ञानात्मक कौशल में कमी, मोटापा के लिए भी बढ़े हुए स्क्रीन टाइम को खतरा माना जा रहा है। चूंकि आज के समय में मोबाइल-कंप्यूटर से दूरी बना पाना हमारे लिए कठिन है ऐसे में सवाल उठता है कि किस उम्र में स्क्रीन टाइम कितना होना चाहिए?

### स्क्रीन टाइम बढ़ने के कई सारे नुकसान



उम्र के हिसाब से कितना स्क्रीन टाइम ठीक माना जा सकता है, इसे जानने से पहले ये जानना जरूरी है कि बढ़े हुए स्क्रीन टाइम का सेहत पर किस तरह से असर होता है?

अध्ययनों से पता चता है कि स्क्रीन टाइम बढ़ना बच्चों और वयस्कों सभी के लिए कई कारणों से हानिकारक है। मानसिक स्वास्थ्य पर इसका सबसे ज्यादा असर देखा जाता रहा है। स्क्रीन टाइम बढ़ने के कारण अवसाद, चिंता जैसी स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम रहता है। ये नींद को भी प्रभावित करने वाली समस्या मानी जाती है, जिसका शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की सेहत पर नकारात्मक असर होता है। स्क्रीन टाइम बढ़ने से शारीरिक सक्रियता कम होने लगती है जिससे वजन बढ़ने और मोटापा का जोखिम रहता है जिसे कई गंभीर क्रोनिक बीमारियों जैसे हृदय रोग, डायबिटीज का प्रमुख कारक माना जाता है।

### स्क्रीन टाइम को लेकर क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

स्क्रीन टाइम को लेकर बढ़ती चिंताओं के जवाब में स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, माता-पिता और शिक्षक, बच्चों के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग को प्रबंधित करने में मदद कर सकते हैं। ये बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि स्क्रीन टाइम के जिस तरह के दुष्प्रभाव हैं उससे कम उम्र में ही कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम हो सकता है।

एक रिपोर्ट के अनुसार ब्राजीलियन सोसाइटी ऑफ पीडियाट्रिक्स के विशेषज्ञों ने कहा, दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को किसी भी प्रकार के स्क्रीन से बिल्कुल दूर रखा जाना चाहिए। कम उम्र में मोबाइल या अन्य स्क्रीन्स के संपर्क के कारण बच्चों का मानसिक विकास प्रभावित हो सकता है। दो साल से कम उम्र के बच्चों की मोबाइल पर लत बिल्कुल भी नहीं लगानी चाहिए।



कार्नर न्यूज

शरीर में लचीलापन और शक्ति के साथ बढाइए आत्मविश्वास

# मानसिक स्वास्थ्य के लिए हर उम्र के लोग कर सकते हैं योगासनों का नियमित अभ्यास

शारीरिक शक्ति को बढ़ाने के लिए योग का अभ्यास लाभकारी होता है। योग के नियमित अभ्यास से शरीर और मस्तिष्क दोनों की सेहत को फायदा होता है। योग करने से शरीर में लचीलापन और शक्ति तो बढ़ती ही है, साथ ही ध्यान और आत्मविश्वास भी बढ़ता है। ऐसे में योग विशेषज्ञ नियमित योगासन के अभ्यास को फायदेमंद मानते हैं। उत्तानासन योग

मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए और मानसिक सेहत से जुड़ी समस्याओं से राहत पाने के लिए उत्तानासन योग का नियमित अभ्यास करना चाहिए। उत्तानासन योग एक इंटेंस फॉरवर्ड स्ट्रेच पोज है, जो पूरी पीठ की मांसपेशियों पर काम करता है। इस योग से शरीर में ताकत और लचीलेपन आता है, साथ ही मस्तिष्क में ऑक्सीजन युक्त रक्त प्रवाह में सुधार होता है। तनाव और चिंता को कम करके मन को शांत रखने के लिए उत्तानासन योग का अभ्यास कर सकते हैं।

### कोबरा पोज

भुजंगासन को कोबरा पोज करते हैं। इस आसन को पीठ की समस्याओं





के लिए फायदेमंद माना जाता है लेकिन इसका अभ्यास मस्तिष्क को सेहतमंद बनाए रखने में भी मददगार है। मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और शरीर को आराम देने के लिए यह योगासन उत्कृष्ट हो सकता है। शरीर में रक्त प्रवाह बढ़ाने और मस्तिष्क की कार्यक्षमता में सुधार के लिए भुजंगासन का नियमित अभ्यास करें।

### प्राणायाम का अभ्यास

मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए प्राणायाम का अभ्यास विशेष लाभदायक है। प्राणायाम करने से मस्तिष्क में ऑक्सीजन के संचार को बढ़ावा मिलता है और मांसपेशियों को आराम मिलता है। मूड में सुधार के साथ एकाग्रता को बढ़ाने के लिए नियमित प्राणायाम करने की सलाह दी जाती है।



